तापमान
अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 14 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार, 20 नवंबर, 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]




10 डुण्डेरा व मैत्रीकुंज में बनेगा ओवर हेड टैंक, पेयजल संकट से मिलेगी राहत


11 महुदा शाला में शिक्षकों की कमी से पढ़ाई हो रही प्रभावित, ग्रामीणों ने उठाई आवाज




हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
न्यु ओम ज्वेलर्स
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी


## खबर संक्षेप

### पिकअप और कार में टक्कर

**भिलाई।** पिकअप और कार की टक्कर से कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना कोतवाली दुर्ग थाना क्षेत्र की है। मिली जानकारी के मुताबिक एमएच 40 सीटी 794 और कार सीजी 24 पी 0669 में आमने सामने भिड़ंत हो गई। घटना राजेंद्र पार्क चौक के पास ही है। भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि कार सड़क पर ही घूम गई। कार के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पिकअप भी अनियंत्रित होकर बिजली पोल से जा टकराई। हादसे में पिकअप चालक और हेल्पर बाल-बाल बच गए। चालक के मुताबिक वह नागपुर से संतरा लेकर बिलासपुर जा रहा था। वह सिग्नल के अनुसार आगे बढ़ रहा था, तभी सिविल लाइन की ओर से आ रही कार ने सिग्नल तोड़ गुरुद्वारा सड़क की ओर मोड़ दिया। जिसके कारण कारण व पिकअप में जोरदार टक्कर हो गई।

### निर्माणाधीन मकान में युवक ने लगाई फांसी

**भिलाई।** युवक ने निर्माणाधीन मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि शांति नगर निवासी गणेश गुप्ता वाहनों की सफाई का काम करता था। गणेश ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचानाम कर उसे पीएम के लिए मरच्यूरी भेज दिया। घटना स्थल से पुलिस को मोबाइल बरामद किया है। संदेह जताया जा रहा है कि मृतक आत्महत्या प्रेम प्रसंग के कारण किया होगा। संदेह जताया जा रहा है कि कुछ लोगों का वीडियो कॉल पर बातचीत किया होगा। मोबाइल लॉक है, कारण प्रेम-प्रसंग की बात को फिलहाल संदेह के दायरे में रखा गया है।

### नशे की दवा बेचने और तस्करी करने वाले गिरफ्तार

**भिलाई।** नशे की दवा बेचने और तस्करी करने वाले पांच युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। धमधा नाका मोर्चा प्वाईट के पास वाहन चेकिंग चल रहा था। चेकिंग को देखकर युवक भागने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस ने एक्टिवा वाहन को रोक कर पूछताछ की। जिसमें सिकोला बस्ती दुर्ग निवासी रवि मटियारा के वाहन की तलाशी ली गई। एक्टिवा की डिक्की से पॉलीथिन में नशे की दवा अल्फाजोलम, डायक्लोफिन जब्त किया गया। आरोपी रवि ने पूछताछ करने पर बताया कि उसके साथ पचरी पारा वार्ड 28 दुर्ग निवासी अनिल यादव, मानव सेन, ब्रम्हपुरी नेवई भाठा वार्ड 32 उजाला कुमार, नेवई भाठा अमित विश्वकर्मा शामिल थे।

### आबकारी विभाग और दुर्ग पुलिस की कार्रवाई, धड़ल्ले से बिक रही थी कच्ची शराब

# रानीतराई के घोरारी में लंबे समय से बन रही कच्ची शराब, तालाब से निकाला 50 क्विंटल से ज्यादा महुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭पाटन

रानीतराई थाना अंतर्गत ग्राम घोरारी में पिछले लंबे समय से कच्ची शराब का खेल चल रहा है। कई बार कच्ची शराब बनाने और बेचने वाले पकड़े जा चुके हैं। बुधवार तड़के गांवों के एक तालाब से 5 हजार किलो से ज्यादा महुआ जब्त की गई है। खास बात यह है कि इस महुआ को बोरियों में भरकर सड़ने के लिए तालाब के अंदर डालकर रखा गया था। आबकारी विभाग और पुलिस की टीम को मुखबिर से खबर मिली। इसके बाद घेराबंदी कर इस महुआ को जब्त किया गया। महुआ कहां से और कैसे ग्राम घोरारी तक पहुंची, इसका घुलासा नहीं हो पाया है। आबकारी विभाग ने उक्त महुआ लाहान जब्त कर लिया है। इसके नष्टीकरण की कार्रवाई की जा ररही है।



#### तालाब का उपयोग महुआ को छिपाने और सड़ाने के लिए हो रहा

आबकारी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उक्त तालाब का उपयोग में गांव में निस्तारी के लिए नहीं किया जाता। सिर्फ महुआ को सड़ाने और छिपाकर रखने के लिए किया जा रहा है। इससे पहले भी कई बार कार्रवाई की जा चुकी है। इसके आसपास कई जगहों पर चूल्हे भी मिले हैं, जहां सड़े हुए महुए से कच्ची शराब तैयार की जाती है और आसपास बेचा जाता है। अवैध शराब का यह कारोबार लंबे समय से चल रहा था। अब इसका भंडाफोड़ हुआ है। आसपास के ग्रामीणों से आरोपियों के बारे में पतासाजी की जा रही है।

#### पुलिस और आबकारी विभाग को नहीं लगी खबर

बता दें कि इतनी बड़ी मात्रा में महुआ की प्रतिबंधित शराब तैयार की जा रही थी, लेकिन न ही आबकारी विभाग को खबर लगी, न ही पुलिस विभाग को जानकारी हुई। जबकि ग्रामीणों द्वारा लगातार शिकायत की जा रही है। महुआ इतनी बड़ी मात्रा में कैसे पहुंचा, इस पर भी सवाल उठ रहे हैं। पुलिस विभाग ने भी ग्रामीणों को अवैध गतिविधियों की सूचना तुरंत देने की अपील की, जिससे समाज में बढ़ रहे नशे के दुष्प्रभावों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। इस संयुक्त अभियान ने अवैध कारोबारियों में हड़कंप मचा दिया है और प्रशासन ने आगामी दिनों में और भी कड़ी कार्रवाई के संकेत दिए हैं।



**की गई कार्रवाई** सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई की गई। इसमें 5000 किलो का महुवा लहना जब्त किया गया है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। कुछ लोगों को भागते देखा गया, उनका पीछा भी किया गया, लेकिन पकड़े नहीं जा सके। - **अरविन्द कुमार साहू**, आबकारी अधिकारी दुर्ग

## रिवाल्वर चलाकर 5 लाख की लूट करने वाले दो को 10 साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

**4 अब भी फरार**

पद्मनाभपुर पुलिस चौकी अंतर्गत लिटिल मिलेनियम स्कूल कसारीडीह के पास से कैश डिलीवरी ब्वाय से 5 लाख की लूट के 7 साल पुराने मामले में बुधवार को अहम फैसला आया। मामले में दो आरोपी को न्यायालय से 10 साल की सजा से दंडित किया। न्यायाधीश पीएस मरकाम के न्यायालय से यह फैसला आया। तत्कालीन समय का यह काफी चर्चित मामला रहा, जिसमें कैश डिलीवरी ब्वाय को दिन दहाड़े रिवाल्वर से दो गोलियां मारी गईं। एक उसके बाएं पैर और दूसरी बाईं भुजा पर लगी। मामले में पुलिस केवल दो आरोपियों कृष्णा नगर सुपेला के मनीष बंसोर और चिलबिली यूपी के महेश वर्मा को गिरफ्तार कर पाई। घटना के चार आरोपी अब भी फरार हैं। प्रकरण के मुताबिक घटना 14 अगस्त 2018 की है। मॉडल टाउन निवासी अश्वनी बिश्नोई सीएमएस कंपनी में कैश कलेक्शन का काम करता ता। उसके पास भिलाई-दुर्ग के 19 बैंकों से पैसा कलेक्ट करने का काम था। रोज की तरह कैश कलेक्ट कर वह घटना स्थल से गुजर रहा था। तभी दोपहर करीब साढ़े तीन बजे उसकी बाइक सीजी 07 एसी 4577 को बाइक सवार तीन लोगों ने रोका। उससे मारपीट करते हुए उस पर गोली चला दी। 5 लाख रुपए का बैग लेकर वे भाग खड़े हुए। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। इस दौरानन जुनवानी शराब दुकान के बाद मनीष और महेश वर्मा गिरफ्तार किए गए। उनके पास से घटना में इस्तेमाल की गई बाइक भी जब्त की गई। पूछताछ में अन्य आरोपियों देवी प्रसाद उर्फ अज्जू, जावेद अख्तर, जाकिर, करण के नाम भी सामने आए। घटना को अंजाम देने के लिए यूपी से आरोपियों को बुलाया गया था। पुलिस ने प्रकरण तैयार कर विचारण के लिए कोर्ट में प्रस्तुत किया। शासन की तरफ से पैरवी अपर लोक अभियोजक राकेश यादव ने की। पकड़े गए दोनों आरोपियों मनीष और महेश को धारा 120 बी में 7 वर्ष और धारा 397 में 10 वर्ष कारावास और एक-एक हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। फरार आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

▪ न्यायाधीश पीएस मरकाम के न्यायालय से आया फैसला

## मूकबधिर बालक से अप्राकृतिक कृत्य, आरोपी को 20 साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

14 वर्षीय मूकबधिर से अप्राकृतिक कृत्य का मामला प्रकाश में आया है। मामले में कोर्ट ने आरोपी कोहका निवासी नवीन लहरी को 20 साल की कैद से दंडित किया है। साथ में 1 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। राशि अदा नहीं करने पर आरोपी को 1 साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। न्यायाधीश अनिष दुबे के न्यायालय से यह फैसला आया। प्रकरण के मुताबिक घटना 29 अक्टूबर 2024 की दोपहर करीब 3 बजे की है। बालक घर के पास घेर रहा था। तभी आरोपी वहां आया, उसने मूकबधिर को बहलाया और मैदान के पास स्थित पानी टंकी में ले गया। जहां उसके साथ गलत काम किया। नाबालिग ने घर में आकर परिजनों को जानकारी दी। इसके बाद मामले की शिकायत पुलिस से की गई। पुलिस ने प्रकरण तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से आरोपी पर दोष सिद्ध पाया गया। मामले में शासन की तरफ से पैरवी विशेष लोक अभियोजक रुपवर्ष दिल्लीवार ने की।

## शेयर ट्रेडिंग नाम पर धोखाधड़ी करने वाले तीन आरोपी धरे गए

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

शेयर मार्केट के नाम पर ठगी करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।खुलासा करते हुए सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि अविनाश कुमार की मुलाकात मकान नं 10/बी, सड़क 15 सेक्टर 1 निवासी चंदन राव, मकान नं 3/ए, सड़क, 15 सेक्टर 1 भिलाई देवेन्द्र कुमार सहारे, मकान नं 1/एफ, सड़क, 15, सेक्टर 1 विवान सिंघानिया उर्फ सुर्यकांत निर्मलकर से वर्ष 2024 में मुलाकात में हुआ था। आरोपियों ने निशा बिजनेस कंसलटेंसी, यूनिक इन्वेस्टमेंट सॉल्यूशन में काम करना बताया था। उक्त कंपनी में निवेश करने पर शेयर ट्रेडिंग के माध्यम से प्रतिमाह पीड़ित को 10-15 प्रतिशत का लाभ का झांसा दिया। पीड़ित की बहन सेक्टर 7 भिलाई निवासी सोनम वर्मा, आदर्श नगर दुर्ग रिश्तेदार तुलाराम चन्द्राकर, संदीप



चन्द्राकर, दोस्त अक्षत पाठक के मध्य टी-सूर्यामाल स्थित निशा बिजनेश कस्लंटेंसी एवं यूनिक इनवेस्टमेन्ट सालूशन में स्नेहांशु, पत्नि डाली नामदेव, निशा मानिकपुरी से मुलाकात कराया गया। पीड़ितों ने लाभ देखकर 35 लाख रुपए कंपनी में निवेश किया। कंपनी ने रकम का मुनाफा और ना ही मूलधन का भुगतान न कर ठगी किया। इस मामले में पुलिस ने पहले ही स्नेहांशु नामदेव समेत तीन को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। कार्रवाई में सुपेला थाना प्रभारी विजय कुमार यादव समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

## नाबालिग को भगा ले जाने के मामले में आरोपी को सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा लेने के मामले में कोर्ट ने पक्षद्रोह के बाद भी आरोपी को जितने समय वह जेल में रहे, उतने समय के लिए उसे दंडित किया। आरोपी को 326 दिन और 200 रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई गई। राशि अदा नहीं करने पर उसे 7 दिन की सजा अतिरिक्त भुगतना होगी। न्यायाधीश अवध किशोर के न्यायालय से यह फैसला आया। प्रकरण के मुताबिक घटना 24 दिसंबर 2024 को शाम करीब साढ़े 5 बजे की है। नाबालिग घर से बिना बताए कहीं चली गई। मामले में छावनी पुलिस ने अपराध दर्ज किया। इरफान आसमी को आरोपी बनाया गया। नाबालिग के पिता ने थाने में की गई शिकायत में कहा कि उसकी नाबालिग बेटी को आरोपी भगा ले गया। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण तैयार कर कोर्ट में पेश किया। जहां नाबालिग, माता-पिता और चाचा द्वारा पुलिस को दिए बयान को बदल दिया। बावजूद कोर्ट ने आरोपी को दोषी माना। उसे धारा 137 (2) के तहत 326 दिन की सजा सुनाई गई।

## शिवालिक में हमला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

शिवालिक फैक्ट्री के श्रमिकों पर प्राणघातक हमला करने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि हथखोज स्थित इंजीनियरिंग पार्क के शिवालिक फैक्ट्री में श्रमिकों के



ऊपर प्राण घातक हमला करने वाले 6 आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा है। घटना में शामिपल तीन उपचारी बालकों को पुलिस किशोर न्यायालय में पेश किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने हथियारों चाकू, तलवार, कटर पुलिस ने जब्त किया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने शीतला पारा हथखोज भिलाई तीन से घेराबंदी कर मोहम्मद दिलकश, मोहम्मद लाडले अली, मोहम्मद जाबिर अली और तीन आपचारी बालकों को पकड़ा गया। सभी आरोपी सेक्टर-11 जोन 1 खुर्सीपार निवासी है। थाना प्रभारी अम्बर सिंह भरतद्वाज ने बताया कि सूचना के बाद पुलिस ने आरोपियों को तुरंत ट्रेस किया। गिरफ्तार तीन आरोपियों को पुलिस ने न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

## दहेज के नाम पर किया प्रताड़ित, पति सास, ससुर के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

महज शादी के नौ माह बाद से ही ससुराल वाले दहेज के नाम पर प्रताड़ना करने का मामला सामने आया है। युवती की शिकायत के बाद पुलिस ने पति, सास, ससुर समेत 5 के खिलाफ धारा 85, 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। महिला पुलिस थाना ने बताया कि रिसाली निवासी अल्का साहसी का विवाह सामाजिक रिति रिवाज के साथ चित्रांश साहसी के साथ हुआ था। शादी में परिजनों ने उपहार स्वरुप टीवी, फ्रीज, एसी, वॉशिंग मशीन, सोने-चांदी के जेवर, फर्नीचर और घरेलू सामान, एक्टिवा खरीदने के लिए 1 लाख रुपए नकद और टिकावन में 2 लाख रुपए नकद दिया था। शादी के बाद अल्का को जगदलपुर के विभागीय आवास नगरनार लेकर गए। जहां से पीड़िता को ससुराल वालों ने लगातार प्रताड़ना देना शुरु किया।

▪ शादी के 9 महीने बाद ही प्रताड़ना



अलका का आरोप है कि पति चित्रांश उनके हाथ का खाना नहीं खाते थे, खाना बनाने पर नुक्स निकालकर प्रताड़ित किया जाता था। उसके चरित्र पर संदेह कर निगरानी रखते और मायके वालों से बात करने से मना किया करते थे। अल्का के साथ कई बार गाली-गलौज व मारपीट की जाती थी।

अल्का का आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग फोन कर पति को भड़काते थे कि शादी में न तो फॉर्च्यूनर कार मिली और न ही मनमाफिक दहेज रकम। मानसिक रुप से प्रताड़ित होने के बाद पुलिस में शिकायत की गई। महिला थाने पुलिस ने पति चित्रांश साहसी, सास शशि साहसी, ससुर ललित साहसी, फूफा ससुर डेरहाराम और चाचा ससुर संदीप साहसी के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है।

### मुख्य पाइप लाइन हुई क्षतिग्रस्त

# रिसाली निगम के दस वार्डवासियों को नहीं मिला पेयजल, आज भी नहीं होगी सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

रिसाली निगम के दस वार्डों में बुधवार को पेयजल नहीं पहुंचा। श्याम नगर पानी टंकी से निकलने वाली मेन पाइप लाइन स्वामी आत्मानंद स्कूल के पास क्षतिग्रस्त्र हो गई है। यहां मरम्मत का काम चालू किया गया है। यह काम गुरुवार को भी चलेगा।यानी इस दिन 20 नवंबर को भी इन वार्ड के लोगों को पेयजल नहीं मिलेगा। हालांकि निगम ने इस सभी वार्डों में टैंकर से पानी सप्लाई करने की वैकल्पिक इंतजाम करने का दावा किया है लेकिन लोग पेयजल के लिए जूझते देखे गए।

#### इन वार्डों में नहीं पहुंचा पेयजल

वार्ड क्रमांक 22 मैत्रीकुंज रिसाली, वार्ड क्रमांक 23 प्रगति नगर रिसाली, वार्ड क्रमांक 24 आजाद मार्केट रिसाली, वार्ड क्रमांक 25 आशीष नगर पश्चिम रिसाली, वार्ड क्रमांक 26 अवधपुरी रिसाली, वार्ड क्रमांक27 मैत्रीनगर रिसाली, वार्ड क्रमांक28 शक्ति बिहार, वार्ड क्रमांक29 लक्ष्मीनगर रिसाली, वार्ड क्रमांक 30 इस्पात नगर, वार्ड क्रमांक 31 शहीद किरण देशमुख रिसाली बस्ती।

#### इस तरह जूझते रहे लोग

प्रभावित लोगों ने बताया कि नल से पानी नहीं आने की सूचना सुबह नहीं मिली। नलों में पानी लेने के लिए कई घंटे इंतजार करते रहे। उसके बाद वार्ड पार्षदों को फोन किया तब पता चला कि पानी नहीं आएगा। उसके बाद दूरदराज के बोर पर जाकर पानी लाना पड़ा। निगम का टैंकर कब और कहां आएगा यही नहीं पता था। कई चौक-चौराहों पर निगम के पानी टैंकर का इंतजार चलता रहा। आखिरकार किसी दूसरे के यहां के बोर से पानी लिया।

## बीएसपी में फिर दुर्घटना, दो मजदूर घायल, इलाज जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

बीएसपी में दुर्घटना का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आज बुधवार को फिर दो ठेका मजदूर घायल हो गए। यूनियनों ने चिंता जताते हुए प्रबंधन से सुरक्षा को मजबूत करने की मांग की है।

सुबह करीब 11 बजे बीएसपी के प्लेट मिल के फिनिशिंग एरिया में आग लग गई थी। इसकी जानकारी मिलते ही दो ठेका श्रमिक कमलेश कुमार वर्मा और ओमप्रकाश साहू आग बुझाने पहुंचे । दोनों प्लेटफार्म पर चढ़कर आग बुझा रहे थे। लौटते समय अचानक प्लेटफार्म टूटने से वे नीचे गिर गए। दोबाद वापस उतरते समय प्लेटफॉर्म अचानक टूट गया, जिससे दोनों जमीन पर नीचे गिरकर घायल हो गए। दोनों श्रमिकों के पैरों में चोट आने के कारण प्लास्टर लगाया गया है। घायल मजदूर ओमप्रकाश साहू दुर्ग का रहने वाला है और ठेकेदार भूषण की कंपनी के अधीन कार्यरत है। वहीं 57 वर्षीय कमलेशन वर्मा कुरुद जामुल निवासी है। दोनों मजदूरों के घायल होने की घटना की जानकारी मिलने पर स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के अध्यक्ष संजय साहू ने ठेका कंपनी और बीएसपी प्रबंधन से चर्चा कर दोनों श्रमिकों के उचित इलाज की व्यवस्था कराने की मांग की। दोनों घायलों को सेक्टर–9 अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यूनियनों प्रबंधन से सेफ्टी को मजबूत करने की मांग की है। विदित हो कि मंगलवार को भी एक ठेका मजदूर हर्षवर्धन की प्लांट में डंफर की चपेट में आने के बाद मौत हो गई थी।

### जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा। भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

**खबर संक्षेप**



## जल संचय जनभागीदारी में दुर्ग को मिला पुरस्कार

दुर्ग। जल संचय के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए दुर्ग जिले ने इंस्ट जोन कैटेगरी 3 में प्रथम स्थान प्राप्त किया है । इस उपलब्धि के लिए 18 नवम्बर को नई दिल्ली के विज्ञान भवन के प्लेनरी हॉल में आयोजित राष्ट्रीय पुरस्कार वितरण समारोह में दुर्ग जिले को सम्मानित किया गया। जल शक्ति अभियान की शुरुआत 1 जुलाई 2019 को जल संकट और जल संरक्षण की राष्ट्रीय चुनौती के समाधान के लिए की गई थी। राष्ट्रीय जल पुरस्कार में संवर्ग 3 में दुर्ग जिले को जल संरक्षण की दिशा में किए गए उल्लेखनीय कार्य के लिए केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल के हाथों कलेक्टर अभिजीत सिंह को 25 लाख का चेक एवं प्रशस्ति पत्र प्राप्त हुआ। जेएसजेबी जल संचय जनभागीदारी अभियान में देशभर में दुर्ग को छत्तीसगढ़ जोन-2 की केटेगरी-3 में 16वां स्थान मिला है।

## नशे के खिलाफ अधिकारी-कर्मचारियों ने ली शपथ



दुर्ग। नशा मुक्ति भारत अभियान के पांच वर्ष पूर्ण होने पर इस आंदोलन को जन जन तक पहुंचाने बनाने की दिशा में नगर निगम दुर्ग द्वारा शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर निगम उपायुक्त मोहेंद्र साहू ने निगम परिसर में सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से नशा मुक्ति की शपथ ग्रहण कर समाज को संदेश दिया कि नशे से दूर रहकर ही स्वस्थ, सुरक्षित और जागरूक शहर का निर्माण संभव है। अधिकारी और कर्मचारी हाथ उठाकर एक स्वर में बोले कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे, दूसरों को भी इससे बचने की प्रेरणा देंगे तथा समाज में नशा मुक्त वातावरण बनाने में सहयोग करेंगे।

# कम्प्यूटर ऑपरेटरों का वैकल्पिक इंतजाम, प्रभावित नहीं हो रहा कोई काम

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने बुधवार को जिले के सेलूद, उतई और कोड़िया धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। वे पाटन के धान उपार्जन केन्द्र सेलूद एवं उतई तथा धमधा के ग्राम कोड़यिा के उपार्जन केन्द्र पहुंचे। उन्होंने समिति प्रबंधकों से उपार्जन केन्द्रों की आवश्यक व्यवस्था, किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, प्रतिदिन धान ब्रिकी हेतु टोकन की स्थिति और खरीदी किए गए धान की जानकारी ली। कलेक्टर ने मौके पर किसानों से खरीदे जा रहे धान की तौलाई का अवलोकन किया साथ ही व्यवस्था दिया कि प्रति बोरे में 40 किलो 600 ग्राम धान की तौल की जाए। इस दौरान उन्होंने खाली बोरे की भी तौल कराकर वजन की जानकारी ली। उन्होंने अधिक तौल कराए जाने पर समिति प्रबंधकों को फटकार लगाई और बोरे से निर्धारित मात्रा में धान निकालने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि धान ब्रिकी के लिए उपार्जन केन्द्रों में आने वाले वाहनों की ऑनलाइन एन्ट्री एवं किसान सहित वाहन की फोटो अपलोड कराई जाए। छोटे किसान जिनके द्वारा अपनी संपूर्ण उपज धान बिक्री करने के बाद घोषणा पत्र के साथ रकबा समर्पण कराया जाए। उन्होंने कहा कि उपार्जन केन्द्रों में प्राप्त बारदानों की ऑनलाईन एन्ट्री तत्काल सुनिश्चित की जाए।

**कलेक्टर अभिजीत सिंह ने सेलूद, उतई और कोड़िया धान खरीदी केन्द्र का किया निरीक्षण**

### निर्धारित मानकों के अनुरूप ही बारदानों में धान का हो भराव

कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्रों में खरीदे गए धान का स्टेक का भी अवलोकन किया। साथ ही निर्धारित मापदण्ड के अनुसार बोरे की छल्ली लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने समिति प्रबंधकों को उपार्जन केन्द्रों में किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्रों में वैकल्पिक व्यवस्था हेतु उपलब्ध कराए गए कम्प्यूटर ऑपरेटर्स के कार्यों का अवलोकन किया। साथ ही उनकी समस्याओं से अवगत हुए। सेलूद उपार्जन केन्द्र में मोहित कुमार वर्मा, तमन्ना यादव और प्रतीक कुर्रे ने कार्य संभाल लिया है। उन्होंने अवगत कराया कि समिति प्रबंधक और विपणन संघ कार्यालय के कम्प्यूटर ऑपरेटर के मार्गदर्शन में कार्य संपादित किया जा रहा है।



### कलेक्टर ने किसानों से की बात समस्याओं से हुए रूबरू

कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्रों में धान बेचने हेतु पहुंचे श्री अवध राम, कुमान कश्यप, रोहित, नीलमणी और कमलेश चंद्राकर सहित अन्य कृषकों से रू-ब-रू चर्चा कर धान बिक्री, टोकन, रकबा समर्पण आदि के संबंध में जानकारी ली। कृषकों ने धान बिक्री हेतु शासन प्रशासन की व्यवस्था को बेहतर बताया। टोकन सिस्टम होने से सभी किसानों को धान बिक्री का समान अवसर मिल रहा है। निरीक्षण के दौरान समिति प्रबंधकों ने बताया कि उपार्जन केन्द्र सेलूद में 17 किसानों से 983.20 क्वि. धान की खरीदी की गई है। इसी प्रकार उपार्जन केन्द्र उतई में 19 किसानों से 704.80 क्वि. धान की खरीदी तथा उपार्जन केन्द्र कोड़िया में 28 किसानों से 1081.20 क्वि. धान की खरीदी की गई है।

### 30 नवंबर तक केंद्रों से धान के उठाव के निर्देश

कलेक्टर ने धान संग्रहण केन्द्र सेलूद (पाटन) और धान संग्रहण केन्द्र कोड़यिा (धमधा) का भी निरीक्षण किया। उन्होंने यहां पर पुराने धान के उठाव हेतु वाहनों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही 30 नवंबर तक संपूर्ण धान का उठाव करा लेने संग्रहण प्रभारी को निर्देशित किया। इस अवसर पर डीएमओ राहुल कुमार, खाद्य नियंत्रक अनुराग भदौरिया, सीसीबी के प्रभारी नोडल अधिकारी हृदेश शर्मा, समिति प्रबंधकों एवं अन्य अधिकारी और कृषकगण उपस्थित थे।

**सुविधा : रिसाली निगम ने एमआईसी की बैठक में लिया निर्णय**

# डुण्डेरा व मैत्रीकुंज में बनेगा ओवर हेड टैंक, पेयजल संकट से मिलेगी राहत

**दोनों ही क्षेत्र में पानी की समस्या से जूझ रहे हैं लोग**

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

रिसाली निगम में बुधवार को हुए महापौर परिषद की बैठक में सदस्यों ने पेयजल आपूर्ति पर गंभीर चिंतन किया। महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता वाले परिषद के सदस्यों ने निगम क्षेत्र के विस्तार को देखते हुए ओवर हेड टैंक निर्माण पर जोर दिया।

परिषद ने मैत्रीकुंज और डुण्डेरा में ओवर हेड टैंक निर्माण के लिए निविदा बुलाने सहमति दी। महापौर परिषद की बैठक में एमआईसी सदस्य संजू नेताम, जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, रोहित धनकर, ममता यादव, जमुना ठाकुर, रंजीता बेनुआ, निगम आयुक्त मोनिका वर्मा, कार्यपालन अभियंता सुनिल दुबे समेत अन्य विभाग प्रमुख मौजूद थे। बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों को लेकर चर्चा हुई। साथ ही निर्णय लिए गए।




### इस तरह देना होगा जुर्माना

पहले मर्तबा 500 और दूसरी बार मवेशी पकड़ाने पर उस मालिक से 1000 और तीसरी बार में 1500 रूपए का जुर्माना वसूल किया जाएगा। इसके बाद भी मवेशी सड़क पर विचरण करते पाए जाने पर उस मवेशी को निगम द्वारा जब्त कर नीलामी प्रक्रिया पूरी करेगी। महापौर परिषद ने निर्णय लिया है कि पहले मवेशियों के सिंग में डेयरी संचालक रेडियम भी लगाऐंगे।

### नए कक्ष में हुई बैठक

वर्तमान में निगम कार्यालय तीन हिस्सों मे संचालित है। आमतौर पर छोटी बैठक व समीक्षा महापौर व आयुक्त मोनिका वर्मा अपने-अपने कक्ष में करते थे। आयुक्त ने मुख्य कार्यालय मे ही सभाकक्ष तैयार कराया है। इसी कक्ष में बुधवार को महापौर शशि सिन्हा ने एमआईसी बैठक ली।

### सड़क पर मवेशी छोड़ने पर बनाया गया नियम

मवेशी को खुला छोड़ने वाले मवेशी मालीकों के खिलाफ निगम ने सख्त नियम बनाए है। नियम तत्काल प्रभाव से ही लागू कर दिए गए है। नए नियम के हिसाब से न केवल जुर्माना वसूला जाएगा, बल्कि निश्चित अवधि के बाद जब्त मवेशी को निगम प्रशासन निलाम भी करेगा। परिषद के सदस्यों ने हाई कोर्ट से दिशा निर्देश आने के बाद सड़क पर विचरण करने वाले मवेशी की वजह से होने वाले दुर्घटनाओं को रोकने नियम बनाया है। सदस्यों ने निर्णय लिया है कि मवेशी को खुला छोड़ने वाले मालिकों के खिलाफ जुर्माना वसूला जाएगा।

# कांग्रेस की विचारधारा रखने वाले प्रतिभाओं को मिला प्रवक्ता बनने का मौका



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

कांग्रेस पार्टी पूरे देश में नेशनल टैलेंट हंट कार्यक्रम आयोजित कर रही है। टैलेंट हंट कार्यक्रम के द्वारा प्रतिभाओं का चयन कर पार्टी जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रवक्ता बनने का अवसर दिया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री व दुर्ग जिले वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल ने प्रवक्ता चयन में सभी वर्गों को जोड़ने के लिए प्रभारियों को निर्देश देते हुए कांग्रेस की विचारधारा रखने वाले प्रतिभाओं को मौका देने की बात कही । पोस्टर विमोचन के पश्चात जिला कांग्रेस कार्यालय तथा जिले के वरिष्ठ नेताओं, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक के निवास में क्यू आर कोड सहित कार्यक्रम के पोस्टर लगाए गए। साथ ही लोगों को फॉर्म भरने प्रोत्साहित भी किया गया।

- कांग्रेस के टैलेंट हंट का आगाज, युवाओ में उत्साह

जिले के प्रभारी पूर्व महापौर नीता लोधी ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से पार्टी देश के युवाओं एवं सभी उन ओजस्वी वक्ताओं को जो कांग्रेस की रीति नीति विचारधारा में भरोसा रखते हैं उनको मंच प्रदान करेगी। उनमें क्षमता होगी तो जिले से लेकर प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर प्रवक्ता बनने का मौका मिलेगा। 21 नवंबर तक ऑन लाइन आवेदन कर कोई भी इस अवसर का लाभ ले सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि इस कार्यक्रम का लिंक और स्कैनर भी जारी किया गया जिसके माध्यम से आवेदन डाउनलोड करके कोई भी आवेदक ऑनलाइन कर सकता है। प्राप्त आवेदनों की स्कूटनिंग कर चयनित अभ्यर्थी दूसरे चरण में जायेंगे। जहां ऑनलाइन इंटरव्यू लिया जायेगा।

# प्रसव के दौरान मृत महिलाओं के परिजनों से मिले मंत्री गजेन्द्र यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

विगत दिनों जिला अस्पताल दुर्ग में प्रसव के दौरान मृत महिलाओं के परिजनों से मुलाकात कर केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने संवेदना व्यक्त किए। इस दौरान परिजन सहित आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।

- हर संभव सहयोग और सहायता प्रदान करने का दिया आश्वासन

मंत्री गजेन्द्र यादव ने बताया कि दुर्ग निगम क्षेत्र के शिवपारा निवासी किरण यादव एवं बजरंग नगर निवासी पूजा यादव के विगत दिनों हुए दुर्भाग्यपूर्ण निधन की घटना अत्यंत व्यथित करने वाली है। यह घटना न केवल दो परिवारों के लिए अपूरणीय क्षति है, बल्कि समाज को भी गहरी पीड़ा पहुंचाने वाली है। आज दोनों शोकाकुल परिवारों के निवास पहुंचकर परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना प्रदान किया। इस दुःख की घड़ी में उनकी भावनाओं को समझते हुए, दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और परिवारजनों को हर संभव सहयोग और सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक स्तर पर भी इस पूरी घटना की गंभीरता से जांच हो, इसके लिए संबंधित अधिकारियों से चर्चा की जा रही है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं में और अधिक सुधार सुनिश्चित किया जा सके।





# एसआईआर को लेकर भाजपा ने शुरू किया कॉल सेंटर



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

मतदाता पुनरीक्षण एसआईआर फार्म भरने को लेकर लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के लिए लोग दर-दर भटक रहे हैं। इन सभी परेशानियों को देखते हुए भाजपा ने कॉल सेंटर शुरू किया है।

- लोग हो रहे परेशान इसलिए लिया गया निर्णय

दुर्ग में कॉल सेंटर की शुरुआत जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक द्वारा की गई। कार्यालय मंत्री एवं कॉल सेंटर प्रभारी आसिफ अली, मीडिया प्रभारी राजा महोबिया, महिला मोर्चा जिला महामंत्री एवं कॉल सेंटर प्रभारी सदस्य जयश्री राजपूत, एमआईसी मेंबर नीलेश अग्रवाल उपस्थित थे। सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व चल रहे मतदाता पुनरीक्षण एस आई आर को लेकर पूरी तरह से गंभीर है और इसमें किसी प्रकार की कोताही नहीं बरत रही है और लगातार बैठकों का दौर भी चल रहा है। कॉल सेंटर द्वारा लगातार लोगों से फीडबैक ली जा रही है। फार्म भरने ने किसी प्रकार की दुविधा या परेशानी आ रही है तो उसका समाधान का प्रयास किया जा रहा है।

# महापौर ने सुराना महाविद्यालय में नशा मुक्त भारत की दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

सेठ आरसीएस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय दुर्ग की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं समाज कल्याण विभाग दुर्ग के संयुक्त तत्वाधान में नशा मुक्त भारत अभियान के 05 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राष्ट्रव्यापी नशा मुक्त भारत अभियान की सफलता हेतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा व्यापक स्तर पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- नशामुक्ति को लेकर चलाया जा रहा अभियान

यह कार्यक्रम सेठ आर सी एस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के सभागार में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि महापौर अलका बाघमार, अजय कल्याणी संचालक नशा मुक्ति केन्द्र भिलाई, एपी गौतम संचालक समाज कल्याण विभाग, बीके बेनी प्रजापिता ब्रह्मकुमारी, डॉ. पीएल साव एवं युगेन्द्र कुमार गायत्री परिवार, लोकेश्वरी साहू पोटिया वार्ड पार्षद तथा डॉ. पूजा मल्होत्रा प्राचार्य सेठ आरसीएस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय मंचस्थ थे। मुख्य अतिथि महापौर अलका बाघमार द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया । उन्होंने कहा कि परिवार समाज कि एक महत्वपूर्ण इकाई है परिवार का कोई सदस्य यदि नशा करता है तो पूरा परिवार के साथ समाज भी प्रभावित होता है। पुरुष के साथ-साथ महिलाएं भी नशा कर रही हैं जो समाज के लिए घातक है। उन्होंने छात्र छात्राओं को नशा मुक्त समाज का संदेश देते हुए नशा मुक्त समाज की शपथ दिलाई। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ पूजा मल्होत्रा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, छात्र छात्राएं उपस्थित थे।



**विश्व शौचालय दिवस पर दो आधुनिक आकांक्षा टॉयलेट का शुभारंभ**

# राजेंद्र पार्क और गंजपारा में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है आकांक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

विश्व शौचालय दिवस 2025 के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन–शहरी 2.0 के तहत नगर पालिक निगम दुर्ग में स्वीकृत आकांक्षीय शौचालयों का आज लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में महापौर अलका बाघमार ने आयुक्त सुमित अग्रवाल, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी नीलेश अग्रवाल के अलावा जन प्रतिनिधियों के साथ राजेंद्र पार्क चौक के पास एवं गंजपारा निगम काम्प्लेक्स स्थित गोकुल होटल के पीछे निर्मित दो आकांक्षा टॉयलेट का फीता काटकर शुभारंभ किया।

विश्व शौचालय दिवस पर पूरे देश में आधुनिक एवं नागरिक अनुकूल शौचालयों का लोकार्पण किया जाना प्रस्तावित था। इसी क्रम में दुर्ग नगर निगम ने दोनों स्थानों में निर्मित मॉडल आकांक्षा शौचालयों को जनता को समर्पित किया। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री द्वारा नई दिल्ली से आयोजित मुख्य कार्यक्रम में निगम कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सहभागिता की।

### तकनीकी रूप से हैं आधुनिक

महापौर अलका बाघमार ने कहा नगर निगम दुर्ग में स्वच्छता एवं जनसुविधा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। आज लोकार्पित ये आकांक्षा टॉयलेट स्वच्छ भारत मिशन की भावना को मजबूत करेंगे। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा शुरू किए गए दोनों आकांक्षा शौचालय तकनीकी रूप से आधुनिक हैं। नगर निगम सतत निगरानी और नियमित सफाई सुनिश्चित करेगा। निगम का प्रयास है कि शहर के सभी प्रमुख स्थानों पर इसी तरह के उच्च गुणवत्ता वाले सार्वजनिक शौचालय विकसित किए जाएं। शौचालयों में महिला एवं पुरूष हेतु अलग अलग प्रवेश द्वार, केयर टेकर कक्ष, शिशुओं के लिए अलग देखभाल कक्ष की सुविधा नागरिकों हेतु प्रदान की गई है। शौचालयों में पानी के बचाव हेतु अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान की गई है। उक्त शौचालयों में पूर्ण तरीके से ऑटोमैटिक नल, हाथ सुखाने हेतु ऑटोमैटिक हैंड ड्रायर मशीन, महिलाओं हेतु सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन, इंसीनरेटर मशीन, शौचालयों की साफ सफाई के प्रतिक्रिया हेतु नागरिकों के लिए फीडबैक मशीन आदि सुविधाएं प्रदान की गईं हैं।



### शौचालयों में ये सुविधाएं

दोनों शौचालयों में जल, विद्युत, सुरक्षा एवं स्वच्छता की सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। राजेन्द्र पार्क के पास निर्मित शौचालय में पुरुषों के लिए 1 स्नानागार, शौचालय, 2 टॉयलेट वहीं महिलाओं के लिए,1 स्नानागार, शौचालय, 2 टॉयलेट और दिव्यांगजन के लिए 1 विशेष अनुकूलित शौचालय है। वहीं गंजपारा निगम कम्प्लेक्स के पीछे 10 सीटर टॉयलेट की सुविधाएं है। इसके अलावा परिसर में हैंड ड्रायर, सैनिटरी पैड उपलब्धता, सैनिटरी पैड डिस्पोजल मशीन, फीडबैक मशीन जैसी आधुनिक सुविधाएं भी प्रदान की गई हैं, जो इसे पूर्णतः स्मार्ट एवं जनहितकारी बनाती हैं।

# अमीन भर्ती परीक्षा, 154 पर्यवेक्षकों एवं 77 केन्द्राध्यक्षों की ब्रीफिंग 25 को

दुर्ग। व्यापम की जल संसाधन विभाग अंतर्गत अमीन भर्ती परीक्षा 2025 आगामी 7 दिसंबर को दुर्ग जिले के 77 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी। इसके लिए नोडल सेंटर दुर्ग द्वारा 77 पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए है। इसी प्रकार समन्वयक केन्द्र साईंस कालेज द्वारा 77 पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए है। इन सभी 154 पर्यवेक्षकों एवं 77 परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राध्यक्षों की ब्रीफिंग 25 नवम्बर को साईंस कालेज के राधाकृष्णन सभागार तथा ग्रंथालय भवन के उपर स्थित रवीन्द्रनाथ टैगोर सभागार में दो पालियों में आयोजित होगी। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने बताया कि इस ब्रीफिंग के दौरान सभी प्रतिभागियों को व्यापमं द्वारा जारी नये दिशा निर्देशों से अवगत कराया जायेगा।

सहायक समन्वयक डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव के अनुसार जल संसाधन विभाग के अमीन पद हेतु आयोजित होने वाली परीक्षा में परीक्षार्थियों एवं वीक्षकों सभी के लिए मोबाईल ले जाना वर्जित है। व्यापम द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार परीक्षार्थी हल्के रंग की हाफ बांह वाले वस्त्र पहनने पर ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश पा सकेगें। ठंड को देखते हुए व्यापमं द्वारा साधारण बिना जेब वाले स्वेटर पहनने की अनुमति प्रदान की गई है। प्रत्येक परीक्षार्थी को अपने साथ परिचय पत्र के रूप में ओरिजिनल परिचय पत्र लाना होगा। इनमें आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, पासपोर्ट, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाईसेंस सहित ऐसे दस्तावेज मान्य होंगे, जिसमें परीक्षार्थी की फोटो स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हो।

# किसानों से 79 लाख का गबन, रुपए नहीं लौटाने पर पहुंचे थाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

## भिलाई तीन थाना क्षेत्र में सेवा सहकारी बैंक और सोमनी सेवा सहकारी समिति का मामला

सेवा सहकारी बैंक और सोमनी सेवा सहकारी समिति भिलाई तीन में किसानों के लगभग 79 लाख रुपए के गबन का मामला साल भर पहले हुआ था। इस मामले में अब तक पीड़ित किसानों की राशि नहीं लौटाई गई है। परेशान होकर किसान भिलाई तीन थाना पहुंचे थे। आरोप है कि तत्कालीन शाखा प्रबंधक सुरेंद्र सिंह भुवाल, समिति अध्यक्ष रामनारायण वर्मा, समिति प्रबंधक नीति दीवान के मिलीभगत के चलते ही गबन हुई है। किसानों ने बताया कि इन तीनों ने किसानों की एफडी और खातों से 24 लाख रुपए अवैध रूप से निकाले। कुल 79 लाख रुपए की राशि का गबन किया गया है। किसानों के मुताबिक बैंक कर्मी गजानंद सिर्के ने किसानों से लगभग 20 लाख रुपए बैंक में जमा कराए थे। किसानों को इसकी रसीद भी दी गई थी, लेकिन यह पैसा भी उन तक नहीं पहुंचा और तीनों ने इसका दुरुपयोग किया। आरोप है कि गबन उजागर होने के बाद बैंक प्रबंधन और समिति के पदाधिकारियों ने कई बार आश्वासन दिया। मामले की विभागीय जांच चल रही है और जल्द ही पैसा लौटा दिया जाएगा। किसानों ने आरोप लगाया कि केस दर्ज होने के बाद भी वास्तविक दोषियों पर कार्रवाई नहीं हो रही। वे चाहते हैं कि बैंक प्रबंधक, समिति अध्यक्ष और समिति प्रबंधक को नामजद कर कड़ी कार्रवाई की जाए और सभी किसानों का पैसा वापस दिलाया जाए।

### अब बेटी शादी के लिए कर्ज लेना पड़ा रहा

किसानों के मुताबिक 6-7 माह बीतने के बाद भी न तो कोई कार्रवाई हुई और न ही खातों में रकम वापस की गई। किसान ने बताया कि बेटी की शादी 28 नवंबर को है। चार साल में 3 लाख 21 हजार रुपए बचाए थे, जो गबन कर लिए गए। अब उन्हें शादी की तैयारी के लिए कर्ज लेना पड़ रहा है। किसान शत्रुघन लाल यादव ने बताया कि 85 लाख रुपए का लेन-देन इससे प्रभावित है। जबकि किसान किसन वर्मा ने 7 लाख रुपए की देनदारी न मिलने की बात कही। किसानों का कहना है कि गजानंद सिर्के ने 24 लाख रुपए वापस कर दिए थे, पर उसमें शामिल उनकी वह राशि भी समिति ने अब तक उन्हें नहीं लौटाई।

### जांच की जा रही

सेवा सहकारी समिति सोमनी और सहकारी बैंक भिलाई-3 में कुछ माह पहले अपराध केस दर्ज किया गया था। किसानों के खाते और एफडी से गबन की पुष्टि हुई थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में अभियोग पत्र भी पेश कर दिया था। किसानों की ओर से अब नई शिकायत दी गई है कि समिति प्रबंधक सुरेंद्र सिंह भुवाल और समिति अध्यक्ष रामनारायण वर्मा की भी इसमें भूमिका है। जांच की जा रही है। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उसी आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**पद्मश्री तंवर**, एएसपी

## खबर संक्षेप



### शिवाजी की मूर्ति के लिए वीरेंद्र ने दिए 11 हजार

**अंडा।** कोहका में दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रीय समाज भवन के पास शिवाजी की मूर्ति स्थापना का भूमि पूजन प्रसिद्ध नाड़ी वैद्य, समाजसेवी गुरुदेव वीरेंद्र देशमुख ने किया। इस अवसर पर उन्होंने मूर्ति के लिए 11000 रुपए का सहयोग राशि भी प्रदान किया।

### निधन

**लल्लू यादव**



**भिलाई।** नगर पालिक निगम रिसाली के वार्ड 13 मरोदा टैंक कृष्णा चौक निवासी लल्लू यादव 79 वर्ष पिता स्व. जगन्नाथ यादव का बुधवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 20 नवंबर को सुबह 10 बजे रिसाली मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे मुक्तार यादव के ससुर थे।

### शिक्षा मंत्री तक पहुंचा मामला, विभाग ने लिया संज्ञान

# महुदा शाला में शिक्षकों की कमी से पढ़ाई हो रही प्रभावित, ग्रामीणों ने उठाई आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन



शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, महुदा में लंबे समय से शिक्षकों की कमी की समस्या गहराती जा रही है, जिसके कारण बच्चों की पढ़ाई गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। इस मुद्दे को लेकर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति (एसएमडीसी), पालकगण तथा ग्रामीणों ने बुधवार को शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से सौजन्य मुलाकात कर शिक्षक बहाली की मांग संबंधी ज्ञापन सौंपा।

शिक्षा मंत्री के जगदलपुर प्रवास पर होने के कारण ग्रामीणों की मुलाकात उनके स्थानीय पीए से हुई। पीए द्वारा पूरे मामले की जानकारी तत्काल शिक्षा मंत्री कार्यालय तक पहुंचाई गई, जिसके बाद शिक्षा मंत्री कार्यालय ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं संयुक्त संचालक से फोन पर विस्तृत जानकारी ली। मामले की गंभीरता को देखते हुए शिक्षा मंत्री ने तत्काल संयुक्त संचालक को शिक्षक बहाली हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्देश जारी किया। निर्देशानुसार प्रतिनिधि मंडल ने संयुक्त संचालक से भेंट की, जिसमें संयुक्त संचालक ने एक सप्ताह के भीतर शिक्षक की नियुक्ति/बहाली का आश्वासन दिया।

संयुक्त संचालक एवं शिक्षा मंत्री कार्यालय के आश्वासन के बाद ग्रामीणों द्वारा प्रस्तावित स्कूल तालाबंदी की कार्रवाई को अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया गया है। हालांकि, ग्रामीणों और प्रतिनिधि मंडल ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर शिक्षक बहाली या जांच संबंधी ठोस कदम नहीं उठाए जाते हैं, तो स्कूल परिसर के सामने धरना-प्रदर्शन एवं तालाबंदी की जाएगी। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शिक्षा विभाग एवं जिला प्रशासन की होगी। प्रतिनिधि मंडल ने यह भी कहा कि बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए शिक्षा विभाग को अविलंब प्रभावी कदम उठाने चाहिए। कार्यक्रम में एसएमडीसी सदस्य, जनपद सदस्य दामिनी राकेश साहू, सरपंच रेणुका बल्लु, उपसरपंच दानी राम साहू, पंच चन्द्रिका साहू, साहू समाज अध्यक्ष प्रद्युम्न साहू, ग्राम प्रमुख जिधन साहू, रामबिसाल साहू, छात्र, पालकगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### छात्राओं को साइकिल वितरण की तैयारी पूरी




**जामगांव आर।** सरस्वती साइकिल योजना के माध्यम से इस वर्ष शासकीय विद्यालय जामगांव आर में 22 छात्राओं को साइकिल वितरण किए जाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। दुर्ग जिले के जामगांव आर में कारीगरों के द्वारा युद्ध स्तर पर साइकिलों के पुर्जे फिट किए जाने का कार्य किया जा रहा है। 22 छात्राओं को साइकिल वितरण करते हुए कल्पना नारद साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग ने कहा कि, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग के माध्यम से सरस्वती साइकिल योजना के तहत 9 वीं कक्षा में प्रवेश लेने वाली बेटियों को साइकिल दी जाती है। जिले में इस बार 22 छात्राओं को साइकिल प्रदान किया जाएगा जिसकी शुरुआत हो चुकी है। कल्पना नारद साहू ने कहा की प्राप्त आंकड़ों के अनुसार पहले कक्षा आठवीं के बाद बेटियों के ड्रॉप आउट की संख्या काफी थी, लेकिन इस योजना के आने के बाद से उन्हें आगे की शिक्षा के लिए प्रोत्साहन मिला है। इस अवसर पर नारद साहू अध्यक्ष भाजयुमो दक्षिण पाटन,कमलेश साहू मंडल अध्यक्ष, पुर्नेंद्र सिंहा, मंडल महामंत्री,अंगेश्वर साहू अध्यक्ष एसएमडीसी , मनीष जैन, संसद प्रतिनिधि, अरूण चंद्राकर मंडल कोषाध्यक्ष, विद्यालय के प्राचार्य सरजूराम ठाकुर,सायकल वितरण प्रभारी प्रभारी किशोर साहू, मोहित कुमार साहू, एन के धीवर, गौरव मिथलेश,चंद्रहास साहू, अभिषेक सेन सहित बड़ी संख्या में पालक एवं बालक की उपस्थिति रही।

### खोपली में चलाया जागरुकता अभियान



**उतई।** साईं कॉलेज, सेक्टर-6, भिलाई के द्वारा उन्नत भारत अभियान के तहत ग्राम खोपली में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्र-छात्राओं द्वारा नशा मुक्ति एवं एड्स जागरूकता संबंधित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा से दूर रहने तथा एड्स जैसी खतरनाक बीमारी के प्रति सावधान रहने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच मंजू वर्मा, ग्राम खोपली, प्राचार्य वीणा दुबे, प्रधान पाठक सुंदर लाल देवांगन,शिक्षक गिरीश साहू ,दीपक साहू, रामती पाटिल , पूर्व सरपंच फत्ते लाल वर्मा सहित समस्त पूर्व माध्यमिक शाला खोपली के छात्र-छात्राएं भी उपस्थित थे।अपने उदबोधन में प्राचार्य वीणा दुबे ने इस प्रकार के जागरूकता अभियान को लगातार करने के लिए प्रयास करने की बात कही।शिक्षक गिरीश साहु ने कहा कि इस प्रकार का जागरूकता अभियान समाज और विद्यार्थियों के बीच करने की आवश्यकता है क्योंकि अभी वर्तमान में बहुत से लोग नशे की गिरफ्त में आ चुके हैं और इस प्रकार के जागरूकता अभियान के कारण सभी लोगों को नशा से होने वाली अवगुण और दुष्परिणाम से समय रहते बचाया जा सकता है। औरकार्यक्रम के संपूर्ण संचालन में डॉ वर्षा वर्मा, डॉ दामिनी विश्वकर्मा, मिस्टर टिकेश्वर कुमार वर्मा के साथ-साथ महाविद्यालय प्रबंधन समिति का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### अपने संस्कार हमेशा पुराने ही रहने देना : भूपेन्द्र



**सेलूद।** अहगन माह में पिन्टु वर्मा परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा के पांचवे दिन गुंडरदेही के कथावाचक पंडित भुपेन्द्र पांडे ने कृष्ण की बाल लीला व माखन चोर की कथा का वर्णन किया। उन्होंने मानव जीवन की विभिन्न बातो से जोड़कर सहजता के साथ कथा को समझाया। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं में उनका नटखट बचपन, यशोदा मैया के लाड़-प्यार, माखन चोरी, और गोपियों के घरों से दूध-दही चुराते थे। संसार में सभी नवीनतम चीजों को स्वीकार कर लेना लेकिन अपने संस्कार हमेशा पुराने ही रहने देना। इस लीला में उन्होंने पूतना राक्षस का वध किया, इंद्र के प्रकोप से गोकुल को बचाया और गोवर्धन पर्वत उठाकर ब्रजवासियों को अभयदान दिया।

## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट




**भिलाई।** पूरे शहर के हृदय स्थल में स्थित इंदिरा मार्केट दुर्ग, शॉप नंबर 64बी, प्रिया श्रृंगार सदन के सामने अपने भव्य शोरूम रेड एंड व्हाइट कलर के लिए जाना-माना सुप्रसिद्ध शॉप ओम ज्वेलर्स में विशेष डिस्काउंट एवं विशेष छूट अपने सभी कस्टमर को दिया जा रहा है। जहां आपको एडवांस बुकिंग करने पर तत्काल जितना ग्राम सोना उतना ग्राम चांदी फ्री एवं शादी के गहनो की शॉपिंग पर डिस्काउंट के साथ इंपोर्टेड वॉच एवं इंपोर्टेड टूरिस्ट बैग हैंड बैग तत्काल प्रदान की जाती है। श्री ओम ज्वेलर्स के संचालक सोनी ने बताया कि विश्वास व विश्वसनियता का प्रतीक ओम ज्वेलर्स में आपार कस्टमर के पधारने के लिए धन्यवाद दिया। हमारी शॉप में टोटल हॉलमार्क गहने जिसमे 6 अंकों का huid कोड ही जेवर उपलब्ध होती है जो 100% विश्वनीयता पर खरा रहती है ।100% वापसी के साथ दिया जाता है वापसी करने पर काट छाट नहीं होती। पूरे क्षेत्र में सबसे कम मेकिंग चार्ज पर गहने प्रदान की जाती है। हमारी शॉप में कम कीमत से अधिक कीमत की गहने उपलब्ध हैं जिसमें हर फैमिली के बजट अनुरूप गहने उपलब्ध मिलती है। जहां सोने का हार चोकर नेकलेस 5 ग्राम से स्टार्ट है सोने की अंगूठी, झुमका, ऐयरिंग, डबल कुंडा, फैंसी लॉकेट, मंगलसूत्र, टॉप्स 2 ग्राम से शुरू है। हमारे शॉप में 916 हॉलमार्क 833 हॉलमार्क 750 हॉलमार्क के गहने उपलब्ध हैं एवं चांदी में डायमंड सेट हार सेट 925 के सिल्वर बैंकॉक के इंपोर्टेंट वॉच न्यू डिजाइन उपलब्ध है। साथ ही पायलों की विस्तृत रेंज जैसे नई वैरायटी के करधन, पायल, बैंगल्स, हाथ फूल, बिछिया, चैन, लॉकेट की एक से बढ़कर एक वैरायटी उपलब्ध है। हमारे शॉप में टोटल ओपन डिस्प्ले होने की वजह से मनपसंद गहने खरीदने में सुविधा होती है। सभी प्रकार के चेक ऑल एटीएम एवं क्रेडिट कार्ड डेबिट कार्ड एक्सेप्ट की सुविधा प्रदान की जाती है साथ ही ख़रीदे गये ज़ेवर की घर पहुंच पेमेंट की सुविधा उपलब्ध है व किसी भी गहने की तत्काल रिपेरिंग सुविधा है। आशा है बेहतर से बेहतरीन डिजाइन लेने के लिए ओम ज्वैलर्स अवश्य पधारे।

### एमजीएम स्कूल के 60 वर्ष पूरे होने पर मना रहे हीरक जयंती




भिलाई। एमजीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-6 भिलाई ने अपनी स्थापना के 60 वर्ष पूरे होने पर हीरक जयंती वार्षिकोत्सव समारोह की घोषणा की है। वर्ष 1965 में मार ग्रेगोरियस ऑर्थोडॉक्स कैथेड्रल, भिलाई द्वारा स्थापित यह विद्यालय आज शहर के सबसे प्रतिष्ठित और विश्वसनीय सह-शैक्षिक निजी स्कूलों में शामिल है। सीबीएसई से सम्बद्ध एमजीएम स्कूल पिछले छह दशकों से मूल्य-आधारित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है। विद्यालय "सेवा सर्वोपरि" के मूलमंत्र के साथ जिम्मेदार, अनुशासित और आत्मनिर्भर विद्यार्थियों के निर्माण के लिए जाना जाता है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार समारोह दो भागों में आयोजित होगा 21 नवंबर शाम 5 बजे कक्षा 1 से 7 तक का होगा। जिसके मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. जेके तिवारी, प्राचार्य, क्रिश्चियन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, भिलाई, विशिष्ट अतिथि एबी श्रीनिवास, कार्यवाहक सीजीएम टीएसडी एंड सीएसआर भिलाई स्टील प्लांट। विद्यालय का संचालन हिस ग्रेस एलेक्सियस मार यूसिबियस मैनेजर बिशप, वी रेव. शाजी एम. बेबी उपाध्यक्ष, सुरेश जैकब कोरेसपोंडेंट प्रबंधक समिति सदस्यों, और प्राचार्य श्री टी. एंटो जैकब के मार्गदर्शन में हो रहा है। एमजीएम में अकादमिक शिक्षा के साथ-साथ कला, खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नेतृत्व, अनुशासन और सामुदायिक सेवा पर विशेष ध्यान दिया जाता है। हीरक जयंती वर्ष विद्यालय के उस गौरवशाली सफर को दर्शाता है जिसमें एमजीएम ने हजारों विद्यार्थियों के भविष्य को दिशा दी है।

### कन्या सुपेला स्कूल की नौ छात्राएं राज्य स्तरीय नेटबॉल स्पर्धा में बनी विजेता



**भिलाई।** कन्या सुपेला स्कूल की नौ छात्राएं राज्य स्तरीय नेटबॉल स्पर्धा में बनी विजेता एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु चयनित हुई 25वीं राज्य स्तरीय साल नेटबॉल क्रीडा प्रतियोगिता में जो कि मुंगेली, दुर्ग, बालोद में सत्र 2025-26 में आयोजित की गई। जिसमें साल के 14 वर्ष बालिका नेटबॉल मुंगेली में चंचल जांगड़े ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दुर्ग में शाला के 17 वर्ष बालिका में रिया यादव कुमारी, सुहानी कुशवाहा, नाजिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालोद में शाला के 19 वर्ष बालिका में सुप्रिया यादव, कुमारी पुष्पा शाह, रिया प्रजापति, सलोनी कुशवाहा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया इन प्रतियोगिताएं में भाग लेकर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुपेला के पांच छात्राएं का चयन राष्ट्रीय शालेय कीड़ा प्रतियोगिता हेतु मंगलौर एवं भंडारा महाराष्ट्र के लिए हुआ है इस सत्र ओपन चौथी नेटबॉल जूनियर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जो की अंबिकापुर सरगुजा में आयोजित हुई इसमें शाला के सुप्रिया यादव, सलोनी कुशवाहा, अदिति बांसोड़, श्रुति साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया साल के लिए सत्र 2025 26 बड़े ही उपलब्धि भर रहा इन छात्रों को साल की प्राचार्य सुनीता लक्ष्मी टिपले एवं शाला के समस्त स्टाफ ने अपनी शुभकामनाएं एवं बधाई दी यह समस्त जानकारी स्कूल के व्यायाम शिक्षक अब्बास आलम ने दी ।

# धान खरीदी सामान्य नहीं हुई तो करेंगे आंदोलन किसानों ने शासन-प्रशासन को दिया अल्टीमेटम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

धान खरीदी की धीमी गति और अव्यवस्था को लेकर किसान आक्रोशित व परेशान है। किसानों ने शासन-प्रशासन को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर 25 नवंबर तक धान खरीदी सामान्य नहीं हुई तो वे आंदोलन को बाद्ध होंगे।

- अभी केंद्रों की खरीद क्षमता का मात्र 30% धान खरीद रही है सरकार

छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन की जिला स्तरीय बैठक नगपुरा में हुई। बैठक में धान खरीदी में अव्यवस्था और टोकन न मिलने के कारण किसानों को हो रही परेशानियों पर चर्चा की गई। इस दौरान किसानों ने कहा कि वर्तमान में केन्द्रों की खरीद क्षमता का मात्र 30% धान ही खरीद हो रही है। धान बेचने के लिए टोकन भी नियंत्रित संख्या में दी जा रही है। धान खरीदी की पूरी व्यवस्था चरमरा गई है। किसानों ने शासन प्रशासन को आगाह किया है कि सोमवार तक धान खरीदी की व्यवस्था सामान्य करें अन्यथा 25 नवंबर को सड़क पर उतर कर आंदोलन करेंगे।

### समितियों में बीज और खाद वितरण की मांग

समितियों में रबी फसलों के लिए बीज और खाद आदि का वितरण नहीं होने के कारण किसानों को फसल बोने में विलंब होने की आशंका है। इससे किसानों को क्षति होगी। किसानों ने आरोप लगाया है कि शासन प्रशासन का ध्यान सिर्फ धान खरीदी पर केंद्रित है और रबी फसलों की तैयारी नहीं है। किसानों ने मांग किया है कि समितियों में बीज और खाद का वितरण की तत्काल व्यवस्था की जाए। बैठक में दुर्ग जिला अध्यक्ष उत्तर चन्द्राकर, दुर्ग ब्लाक अध्यक्ष परमानंद यादव, कुलेश्वर, बंशी देवांगन, झबेंद्रे वैष्णव, बद्री पारकर, बाबूलाल साहू, उत्तम चंद्राकर, ओमकार साहू, देवशरण साहू, सहजराम, मेंघराज मडरिया, केशव देशमुख, पुकेश्वर साहू, भूपेंद्र पांडे आदि उपस्थित थे।

// न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला-दुर्ग//

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./202510104700025 /अ-6-अ/2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती निर्मलकौर गाबड़िया ध.प. राजेन्द्र सिंह गबाड़िया निवासी मॉडल टाउन भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम जुनवानी प.ह.न.-43 रा.नि.मं.-जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1046/2 रकबा 0.012 हे. राजस्व अभिलेख खसरा पांचसाला में श्रीमती निर्मलकौर गाबड़िया ध.प. राजेन्द्र सिंह गबाड़िया के नाम पर दर्ज है। किन्तु त्रुटिवश वर्ष 2016-2017 से दर्ज हुई है। उक्त भूमि पर कभी भी आवेदिका काबिज नहीं रही है न ही उक्त भूमि उनके हक एवं स्वामित्व की है। उक्त भूमि खसरा नंबर 1046 रकबा 0.02 हे. राजस्व अभिलेख में वर्ष 2002-2003 से 2005-2006 तक दौलत राम पिता गोपाल के नाम पर दर्ज है उसके बाद उक्त खसरा 1046 वर्ष 2005-06 में सीता बाई बेवा दौलतराम एवं सरस्वती बाई आ.दौलत राम दोनो निवासी मॉडल टाउन के संयुक्त नाम पर नामांतरित होकर दर्ज है। तदुपरांत उक्त खसरा न. 1046 (रकबा 0.02 हेक्टेयर) बाल आ. दलितराम दोनों निवासी मॉडल टाउन के कृष्ण आ. मोतीराम बोरघाटे निवासी- नेहरूनगर पूर्व के नाम पर न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के बंदोबस्त त्रुटि सुधार राजस्व प्रकरण क्रमांक 13 अ-05/2010-11 दिनांक 30-08-2011 संशोधन क्र. 298/2010-11 को किये गए आदेश अनुसार दर्ज है। तदुपरांत वर्ष 2012-2013 में उक्त खसरा न. 1046 (रकबा 0.02 हेक्टेयर) निरंतर बाल कृष्ण आ. मोतीराम बोरघाटे निवासी-नेहरू नगर पूर्व के नाम पर दर्ज है। तदुपरांत, वर्ष 2016-2017 में उक्त खसरा नंबर 1046 (रकबा 0.02 हेक्टेयर) दो अलग अलग भागों में य खसरा न 1046/1 (रकबा 0.008 हेक्टेयर) रलज जरल के नाम पर एवं खसरा न. 1046/2 (रकबा 0.012 हेक्टेयर) प्रतिवादी क्रमांक 01 श्रीमती निर्मलकौर गाबड़िया ध.प. राजेंद्र सिंह गाबड़िया के नाम पर दर्ज है। खसरा न. 1046/2 (रकबा 0.012 हेक्टेयर) किस प्रकार से श्रीमती निर्मलकौर गाबड़िया ध.प. राजेंद्र सिंह गाबडिया के नाम पर दर्ज हुआ है इसका कोई हवाला राजस्व अभिलेख में नहीं है। जिससे यह स्पष्ट है कि खसरा न. 1046/2 (रकबा 0.012 हेक्टेयर) पर दर्ज की गई श्रीमती निर्मलकौर गाबड़िया ध.प. राजेंद्र सिंह गाबडिया के नाम की प्रविष्टि त्रुटिवश राजस्व अभिलेख में वर्ष 2016-17 से दर्ज हुई है। प्रतिवादी क्रमांक 01, श्रीमती निर्मलकौर गाबड़िया ध.प. राजेंद्र सिंह गाबड़िया कभी भी वाद भूमि पर काबिज नहीं रही है न ही उक्त भूमि उनके हक एवं स्वामित्व की है। यह कि, उक्त राजस्व प्रविष्ठि को सुधार कर आवेदिका का नाम विलोपित करने हेतु अवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा हो तो वह नियत दिनांक 24/11/25 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 07/11/25 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक- 07/11/2025
सुनवाई दिनांक- 24/11/2025

अति. तहसीलदार
दुर्ग-01

### छग अनुसूचित जनजाति का प्रदेश अध्यक्ष बने सत्यप्रकाश



**भिलाई।** लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के निर्देश पर अनुसूचित जनजाति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानचंद गौतम ने सत्यप्रकाश भारती को छग अनुसूचित जनजाति का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्ति प्रदान की है। जिसमें उनके कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त की है। उनकी नियुक्ति पर प्रभुनाथ सिंह, उमा पाण्डेय, लोकेश कुमार, मिथिलेश कुमार डीमर, हुला राम डीमर ने बधाई दी है।

**पर्स गुमा**

मैं नर्मदा प्रसाद तिवारी, राधास्वामी नगर, रायपुर निवासी आप सभी को सूचित करना चाहता हूं कि 19 नवम्बर, 2025 को राधास्वामी से कोटा के बीच कहीं पर मेरा पर्स गिर गया है। पर्स में मेरा आधार कार्ड, SBI ATM, Driving License, CSD Grocery Card, RC रखे हुए थे। यदि किसी को भी यह पर्स और उसमें रखे कार्ड मिलें तो कृपया संपर्क करें:-

पता: B28,
Radhaswami Nager,
Bhatagaon Chowk,
Raipur.
Mobile No.: 9826170227

# धान के साथ धर्म का कटोरा भी है छत्तीसगढ़ : भागवताचार्य शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर



धमना में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन हुआ। अरुण सोनी,लक्ष्मी सोनी परिवार की यजमानी में आयोजित इस समारोह में जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू, तहसील साहू संघ कोषाध्यक्ष नारद साहू और युवा समाजसेवी ढाल सिंह साहू आदि रूखमणि विवाह में शामिल हुए। श्री मद भागवत कथा वाचक के रूप में श्री प्रांशु कृष्ण शास्त्री महाराज वृंदावन से अपनी पूरी मंडली संसंगीत कथा श्रवण भक्तों को करा रहे है। भक्ति में झूमने वाले भक्तों की अच्छी खासी उपस्थिति रही। इस दौरान भागवताचार्य पंडित शास्त्री ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा कलयुग में मुक्ति का सबसे सुलभ साधन है जो व्यक्ति प्रेम भक्ति और सत्य की मार्ग पर चलता है उसे जीवन में कभी कमी नहीं होता उन्होंने कहा कि कंस का वध कर भगवान से किसने धर्म की ध्वजा लहराई यदि हम धर्म की रक्षा करेंगे तो धर्म निश्चित हमारी रक्षा करेंगा सभी को सत्य की मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया और हमेशा एक दूसरे का सहयोग करने के लिए कहा महाराज जी ने छत्तीसगढ़ परंपरा पर भी प्रकाश डालते हुए कहा छत्तीसगढ़ से धान का कटोरा नहीं धर्म का कटोरा भी है यहां की मिट्टी में भक्ति सेवा और सद्भाव बसा है।

## खबर संक्षेप



### ब्लास्ट फर्नेस-7 ने किया 5,020 टन का हॉट मेटल उत्पादन

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस-7 ने 16 नवम्बर 2025 को उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज करते हुए 5,020 टन का हॉट मेटल का दैनिक उत्पादन अर्जित किया, व इससे पूर्व दर्ज किये गए 21 मार्च 2025 के 5,002 टन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने ब्लास्ट फर्नेस-7 पहुँच कर हौसलाआफजाई की। सीजीएम तापस दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक मनोज कुमार, तथा ब्लास्ट फर्नेस, सिंटर प्लांट-2 और कोक ओवन विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। राकेश कुमार ने कहा कि सुरक्षा ही उत्पादन की आधारशिला है, तथा प्रत्येक गतिविधि सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ही संपादित की जानी चाहिए। उन्होंने बेहतर संसाधन उपलब्धता सुनिश्चित करने, परिचालन दक्षता बढ़ाने तथा सतत सुधार के लिए टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

### अवैध होर्डिंग और सड़क बाधा पर 9 हजार का जुर्माना

**भिलाई।** भिलाई निगम ने जोन क्रमांक 1 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 4 नेहरू नगर क्षेत्र में विशेष चालानी कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई सड़क पर बाधा उत्पन्न करने और अनाधिकृत रूप से अवैध होर्डिंग लगाने वाले विभिन्न व्यवसायी प्रतिष्ठानों के विरुद्ध की गई। निगम की टीम ने कार्रवाई करते हुए 9 हजार रुपए जुर्माना ठोंका। टाइटन आई प्लस 7,000 रुपए, इंग्लिश हब 500 रुपए, किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलर्स 1,500 रुपए इस तरह कुल चालानी कार्रवाई 9,000 रुपए जमा कराया गया। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा। सभी व्यापारियों और नागरिकों से अपील की जाती है कि वे अपने व्यवसाय संचालन में सार्वजनिक सड़कों को बाधित न करें और निगम की अनुमति के बिना किसी भी प्रकार के होर्डिंग या विज्ञापन सामग्री का प्रदर्शन न करें। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### हुकुम लाल के चित्रों की प्रदर्शनी आज से

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित, इंदिरा प्लेस में नेहरू आर्ट गैलरी में वरिष्ठ चित्रकार हुकुम लाल वर्मा द्वारा निर्मित पेंटिंग्स की एकल प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी का उद्घाटन गुरुवार को मुख्य महाप्रबंधक अनुराग उपाध्याय द्वारा किया जाएगा। यह तीन दिवसीय पेंटिंग्स प्रदर्शनी 20 से 22 नवम्बर तक जनता के अवलोकनार्थ खुली रहेगी। 1970 में राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ में जन्मे हुकुम लाल वर्मा वर्तमान में खैरागढ़ जिले में निवासरत हैं। उन्होंने 1997 में इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ से एमएफए की उपाधि प्राप्त की। श्री वर्मा की कृतियों में भारतीय सांस्कृतिक सौंदर्य और मौलिक दृश्य अभिव्यक्ति प्रकट होती है। उनकी कृतियां देश की प्रमुख कला दीर्घाओं त्रिवेणी कला संगम दिल्ली आदि में प्रदर्शित हो चुकी हैं।

### कबड्डी स्पर्धा के लिए बीएसपी टीम का चयन 21 को

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ और भाटापारा जिला कबड्डी संघ के तत्वावधान में 6 से 8 दिसंबर तक आयोजित होने वाली अंतर जिला जूनियर (बालक एवं बालिका) कबड्डी प्रतियोगिता तथा कोरबा में 19 से 21 दिसंबर तक आयोजित 25वीं अंतर जिला सीनियर (पुरुष एवं महिला) कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने बीएसपी टीम के चयन के लिए क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग और बीएसपी कबड्डी क्लब द्वारा चयन स्पर्धा आयोजित की जा रही है। यह चयन स्पर्धा 21 नवम्बर को शाम 3 बजे से पंत स्टेडियम, सेक्टर-1 के कबड्डी मैदान में आयोजित की जाएगी। जूनियर वर्ग के लिए पात्रता के अनुसार बालक वर्ग के लिए वजन 75 किग्रा या उससे कम, तथा जन्म तिथि 17 जनवरी 2006 या उसके बाद होनी चाहिए।

# नगपुरा में शिवमहापुराण कथा स्थल का हुआ विधि-विधान से भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दुर्ग से 14 किलोमीटर दूर नगपुरा में अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा सिहोर वाले की शिवमहापुराण कथा 17 से 21 दिसंबर को आयोजित है। कथा स्थल का भूमिपूजन बुधवार को हुआ। मुख्य यजमान जिला पंचायत सभापति व जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 की सदस्य प्रिया साहू सहित 18 गांव के ग्रामीण हैं। पं. संतोष पांडेय ने मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न करवाया। भूमिपूजन में विशेष रूप से छग तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू, गांवों के सभी सरपंच, सभी जनपद सदस्य और महादेव युवा सेवा एवं कल्याण समिति भिलाई दुर्ग के कार्यकर्ता शामिल हुए।

## मुख्य यजमान जिला पंचायत सभापति प्रिया साहू सहित 18 गांव के ग्रामीण कर रहे तैयारी

### पांच लाख से भी ज्यादा क्षमता का स्थल हो रहा तैयार

मुख्य आयोजक जिला पंचायत सभापति प्रिया साहू ने बताया कि कथा स्थल 150 एकड़ से ज्यादा क्षेत्रफल में तैयार करवाया जा रहा है। पांच से 6 लाख श्रद्धालु के यहां पहुंचने का अनुमान है। इस हिसाब से यहां पूरी तैयारी की जा रही है। प्रदेश में अब तक आयोजित शिवमहापुराण कथा स्थलों में से यह विशाल स्थल है। यहां मुख्य रूप से तीन विशाल डोम का निर्माण होगा। उसके बाद दो दर्जन से ज्यादा पंडाल और लगेंगे। जिससे श्रद्धालुओं को पूरी सुविधा मिल सके।



### शासन-प्रशासन का पूरा सहयोग

मुख्य आयोजक प्रिया साहू ने बताया के शिवमहापुराण की कथा आयोजन में शासन व प्रशासन का पूरा सहयोग कर रही है। तैयारी के बीच उनसे लगातार संपर्क में हैं। पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा, चिकित्सा, पेयजल, बिजली, शौचालय आदि कई तरह की सुविधाएं जुटाने में उनकी मदद ली जा रही है।

### क्षेत्र की जनता का कल्याण व सेवा का है संकल्प

मुख्य आयोजक सभापति प्रिया साहू ने बताया कि क्षेत्र की जनता ने मुझे सेवा का अवसर दिया है। मैं शिवमहापुराण कथा के माध्यम से क्षेत्र की जनता का कल्याण हो इस उद्देश्य को लेकर चल रही हूं। भगवान भोलेनाथ जगत का उद्धार और कल्याण करने वाले हैं। उनकी कृपा से हम सभी लोगों का जीवन सुखमय होगा। इस विश्वास के साथ शिवमहापुराण की कथा आयोजन में पूरे ग्रामीणों की सहभागिता भी हमें मिल रही है।

### पार्किंग स्थल, वीआईपी अस्थाई रोड आदि बनेंगे

मुख्य आयोजक प्रिया ने बताया कि कथा स्थल पर श्रद्धालुओं के पहुंचने के लिए तीन तरह का रोड उपयोग में लाया जाएगा। एक रोड से बोरी , लिटिया, सेमरिया होते हुए धमधा मार्ग की तरफ से कथा स्थल पर श्रद्धालु पहुंच सके ऐसी व्यवस्था की जा रही है। दूसरे रोड से बोरई, मुड़पारा, घुमका होते हुए राजनांदगांव के श्रद्धालुओं के आवागमन को ध्यान में रखते हुए काम चल रहा है। तीसरे रोड से जालबांधा-खैरागढ़ रोड से श्रद्धालु यहां पहुंच सकते हैं। श्रद्धालुओं के वाहनों के लिए पार्किंग स्थल और वीआईपी लोगों के लिए अस्थाई रोड का निर्माण कार्य किया जाना है।

## दर्जनभर विभागों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की दरकार

# सेक्टर-9 हॉस्पिटल में कई विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं मरीजों को होना पड़ रहा निजी अस्पतालों में रिफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के कई विभागों में विशेषज्ञ चिकित्सकों के नहीं होने का खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। गंभीर मरीजों को अन्य अस्पतालों में इलाज के लिए रिफर किए जाने से कई तरह की दिक्कतें हो रही हैं। इस मामले में सेल व लोकल प्रबंधन उदासीन बना हुआ है। यूनियनों ने जल्द नियुक्ति की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी में मेन पावर कम होने का सबसे अधिक दुष्प्रभाव बीएसपी के जेएलएन अस्पताल पर पड़ रहा है। इसकी कीमत हजारों संयंत्र कर्मियों उनके परिवारों और गैर संयंत्र कर्मियों को चुकानी पड़ रही है। पिछले कुछ साल से एक के बाद एक डाक्टर रिटायर हो रहे हैं लेकिन इनकी जगह भर्ती नहीं हो रही है। यूनियनों के मुताबिक खानापूर्ति के लिए आउटसोर्स के डाक्टरों से काम चलाया जा रहा है। पिछले दस साल के दौरान कई मत्वपूर्ण विभागों के विशेषज्ञ डाक्टर रिटायर हो चुके हैं, कई जल्द रिटायर होने वाले हैं। लेकिन रिक्त पदों पर स्पेशलिस्टों की भर्ती नहीं हुई है। इस कारण मरीजों को अन्य अस्पतालों में रिफर होना पड़ रहा है। मरीजों को रायपुर, वेल्लूर या बड़े शहरों के अन्य अस्पतालों में ले जाने से परिजनों को कई तरह की परेशान का सामना करना पड़ रहा है। जेएलएन अस्पताल में हार्ट,न्यूरो,कैंसर,मनोरोग, किडनी और गेस्टोलाजी सहित दर्जनभर से अधिक विभागों में स्पेशलिस्ट नहीं हैं। इसके अलावा कई सेवानिवृत्त हुए डाक्टरों के भी पद नहीं भरे गए हैं। इन रोगों से संबंधित मरीजों को मजबूरन बाहर के बड़े अस्पतालों में रिफर होना पड़ रहा है ।

## बड़े शहरों के अस्पताल में ले जाने से बढ़ रही दिक्कतें




### हार्ट के रिफर सबसे ज्यादा

सेक्टर नौ अस्पताल में हृदय रोग विभाग के पिछले करीबन दस साल से खाली वैक्यूम को अब तक भरा नहीं गया है। स्थाई? कार्डियोलाजिस्ट नहीं होने से मरीजों को बाहर के अस्पतालों में रिफर किए जाने की सलाह दी जाती है। प्रबंध द्वारा एक कार्डियोलाजिस्ट दिल्ली और चार डाक्टर रायपुर के निजी अस्पताल से आउटसोर्स पर रखे गए हैं। दिल्ली के कार्डियोलाजिस्ट महीने में दो दिन के लिए दो बार यहां सेवाएं देते हैं। वहीं रायपुर के निजी अस्पताल के हृदयरोग विशेषज्ञ दिन में ही ओपीडी में बैठते हैं। बीएसपी का कोई स्थाई हृदयरोग डाक्टर नहीं होने और रात में हृदयरोग विशेषज्ञ नहीं होने से गंभीर मरीजों को इलाज नहीं हो पा रहा है। एटक के विनोद कुमार सोनी ने बताया कि बीएसपी का स्थाई कार्डियोलाजिस्ट की नियुक्ति जरुरी है।

### सिमट रहा मनोरोग विभाग

एक दशक पूर्व तक बीएसपी के जेएलएन अस्पताल का मनोरोग विभाग सेंट्रल इंडिया के चुनिंदा चिकित्सालयों में शुमार था। यहां नामी मनोरोग विशेषज्ञ हुआ करते थे। लेकिन आज मरीज इलाज के लिए तरस रहे हैं । दो दशक पूर्व तक यहां प्रसिद्ध मनोरोग विशेषज्ञ डां. सहगल, डां. शैल वर्मा, डां अशोक त्रिवेदी, डां. बिस्वास,डां मैनाक देव सिकदार आदि आधा दर्जन स्पेशलिस्ट थे। लेकिन इनके रिटायर होने के बाद अस्पताल सिमटने लगा है। इनकी जगह कोई स्थाई नियुक्ति नही की गई है। यूनियनों के मुताबिक सेल में सेलरी कम होने से डाक्टर यहां दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं।

# महिला के साथ आरक्षक ने किया छेड़छाड़, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

पाक्सो एक्ट में फंसे बेटे को बचाने आरक्षक ने महिला के साथ छेड़खानी, बेड टच करने का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने 64(2)(क)(आई) के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि थाने में पदस्थ आरक्षक अरविंद कुमार मेढ़े ने महिला के साथ छेड़छाड़ और बेड टच का आरोप लगाया है। महिला का आरोप है कि आरक्षक ने पॉक्सो के मामले में जेल में बंद उसके बेटे को बाहर निकलवाने के नाम पर उसके साथ छेड़छाड़ और शारीरिक संबंध बनाने का दवाब बनाया है। परेशान महिला ने पुलिस में शिकायत किया। आरक्षक के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई को लेकर थाने में हिंदु संगठनों के लोगों ने जमकर हंगामा किया। पीड़िता के मुताबिक बेटा पाक्सों केस में अंदर है। उसको छुड़वाने थाने का आरक्षक अरविंद मेढे प्रताड़ित कर रहा था। शोषण करने के लिए बार-बार बार-बार 8 दिन 10 दिन से फोन कर रहा था। पीड़िता को घटना की शाम 6 बजे जांजगिरी यार्ड के पास लेकर कर गया। महिला के साथ छेड़छाड़ किया। पीड़िता ने जब पीरियड की बात कही तो आरक्षक ने बोला 2 दिन बाद तुम मेरे पास फिर आओगी तब तुम्हारे बेटे को मैं छुड़वाऊंगा। जिसका रिकॉर्डिंग और स्क्रीनशॉट पुलिस को दिया। पीड़िता ने बताया कि आरक्षक अरविंद ने फोन करके चरोदा बस स्टैंड में बुलाया। जब वहां महिला पहुंची तो उसके साथ छेड़छाड़ ,बैड टच किया। महिला ने इसका विरोध करना शुरु किया तो उसे छोड़ दिया।

- भिलाई तीन थाना क्षेत्र की घटना

### एसएसपी ने आरक्षक को किया सस्पेंड

आरक्षक अरविंद कुमार मेंढे के खिलाफ महिला के द्वारा गंभीर आरोप लगाने के बाद भिलाई-3 थाने में जुर्म दर्ज किया है। एसएसपी विजय अग्रवाल ने देर शाम आरक्षक को सस्पेंड करने का आदेश जारी कर दिया। आरक्षक को पुलिस लाइन भेजा गया है। एसएसपी अग्रवाल ने मामले में जांच की जिम्मेदारी डीएसपी भारती मरकाम को दिया। जिसे 7 दिनों के भीतर अंदर जांच कर प्रतिवेदन देना होगा।



# अतिरिक्त कमरे के निर्माण से बढ़ी पढ़ाई में सुगमता



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा ग्राम दनिया एवं ग्राम धनोरा के शासकीय विद्यालयों में निर्मित अवसंरचनाओं का औपचारिक हस्तांतरण किया गया। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ग्राम दनिया में सीएसआर विभाग द्वारा निर्मित अतिरिक्त 4 कमरों का हस्तांतरण प्राचार्य झरना भुआल को हस्तांतरण विलेख के रूप में प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक नगर प्रशासन एवं सीएसआर शिवराजन थे व विशिष्ठ अतिथि के तौर पर उप महाप्रबंधक निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व अपर्णा चंद्रा, उप प्रबंधक निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व केके वर्मा उपस्थित थे। वहीं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम धनोरा में निर्मित प्रार्थना स्थल के लिए मंच एवं डोम शेड का हस्तांतरण प्रभारी शिक्षिका स्वेता सिंह की अनुपस्थिति में विद्यालय की शिक्षिका डॉ. विभारानी केशरी को सौंपा गया। विद्यालय प्रबंधन ने बीएसपी के सीएसआर विभाग का आभार व्यक्त करते हुए अवसंरचना विकास कार्यों की सराहना की। छात्रों ने भी बताया कि अतिरिक्त कमरे बन जाने से पढ़ाई में सुगमता बढ़ी है।

शिवराजन ने सीएसआर विभाग द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों को समाजहित में अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि अतिरिक्त कमरे एवं प्रार्थना स्थल निर्माण से छात्रों को अध्ययन के लिए बेहतर वातावरण मिलेगा। साथ ही उन्होंने बताया कि ग्रामीण अभियांत्रिकी सेवा (आर.ई.एस.) के माध्यम से निर्माण कार्य चुनौतीपूर्ण था।

# भिलाई-चरोदा नगर निगम क्षेत्र के मंगल भवन अब किराए पर मिलेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में सभागार में सामान्य सभा संपन्न हुई। इस दौरान मानक चिन्ह के लिए जन-सामान्य से डिज़ाईन आमंत्रण पर विचार, निकाय क्षेत्र में मिशन क्लीन सिटी योजना के अंतर्गत संचालित घर-घर से गीला-सूखा कचरा संग्रहण के सफल संचालन के लिए 1 समूह 1 रिक्शा प्रदाय करने, अधोसंरचना मद से सिरसा चौक विकास कार्य के लिए न्यूनतम दर के अनुमोदन, निकाय क्षेत्र में स्थित मंगल भवन भिलाई-3, सामुदायिक भवन, चरोदा, सर्वसामाजिक मांगलिक अम्बेडकर भवन, भिलाई 3, सामुदायिक भवन, उमदा, सोमनी को ठेकेदार के माध्यम से किराए पर दिए जाने पर विचार निर्णय लिया गया, भिलाई-चरोदा के विश्व बैंक आवासीय योजना सेक्टर-3, भिलाई 3 के भू-खण्डों का अलग-अलग तिथि में की गई आम नीलामी की उच्चतम बोली राशि की स्वीकृति करो लेकर निर्णय, सीएम पालिका बाजार योजना के दुकानों के लिए उच्चतम बोली राशि की स्वीकृति. सार्वजनिक खुले मैदान, सार्वजनिक मार्ग, फुटपाथ, चौराहे या सार्वजनिक खुले स्थान आदि पर पण्डालों, अस्थायी संरचनाओं के निर्माण की अनुमति पर चर्चा की गई। डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण एवं पृथक्कीयकरण कार्य का एक्सपोजर विजिट अध्ययन के लिए परिषद् के सभी सदस्यों को इन्दौर भ्रमण की अनुमति का निर्णय लिया गया। इस दौरान महापौर निर्मल कोसरे, सभापति कृष्णा चंद्राकर, पार्षद संतोष तिवारी, डे सहाब वर्मा, ललित दुर्गा, मनीष वर्मा, फिरोज फारुखी, राम खिलावन वर्मा, कुसुम चंद्राकर, प्रेमलता चंद्राकर समेत आयुक्त डीएस राजपुत मौजूद थे।

### अवैध प्लाटिंग पर भी बहस

निगम क्षेत्र के अवैध प्लाटिंग को लेकर भी सदन में पार्षद संतोष तिवारी मुद्दा उठाया। इसे लेकर कुछ समय के लिए सदन का माहौल गर्मा गया। क्षेत्र अवैध प्लाटिंग बेखौफ तरीके से चल रहा है। निगम इस पर कार्रवाई क्यो नहीं करती है। इसे लेकर काफी गहमा गहमी होने के बाद माहौल शांत हो पाया।

### विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी में दिखी बच्चों की प्रतिभा



**भिलाई।** जीआईटीएफ– भिलाई इस्पात विकास विद्यालय, सेक्टर-6 द्वारा वार्षिक विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी 2025 का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक शिवराजन द्वारा किया गया। महाप्रबंधक शिखा दुबे तथा अशोक सिंह की भी उपस्थित थे। शिवराजन ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को नए प्रयोगों, वैज्ञानिक सोच और नवाचार की दिशा में निरंतर आगे बढ़ने प्रेरित किया। निर्णायक मंडल में प्राचार्या सुमिता सरकार, उप प्रबंधक विभा कटियार और उप प्रबंधक रेखा पांडे शामिल थीं। विद्यार्थियों द्वारा आपदा चेतावनी यंत्र, लाई-फाई तकनीक, स्मार्ट सिटी मॉडल, ड्रोन, रोबोटिक्स आधारित प्रयोग, आईओटी आधारित स्मार्ट होम प्रणाली, सौर ऊर्जा उपकरण, जल संरक्षण मॉडल, ई-कॉमर्स एवं लोकल वेंडर मॉडल जैसे विविध नवाचारों का आकर्षक प्रदर्शन किया गया। इन मॉडलों ने उपस्थित अतिथियों तथा अभिभावकों को प्रभावित किया और विद्यार्थियों की वैज्ञानिक प्रतिभा को व्यापक सराहना मिली ।कार्यक्रम में अभिभावकों के लिए मनोरंजन गतिविधियों के साथविद्यालय द्वारा फूड फेस्ट प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया था।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

## आग में झुलसे गंभीर मरीज का बर्न यूनिट टीम ने किया जटिल आपरेशन

# जेएलएन अस्पताल में उमेश को मिला नया जीवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

बीएसपी के जेएलएन हास्पिटल में डाक्टरों को एक अग्निदग्ध मरीज का जटिल आपरेशन कर उसका जीवन बचाने में कामयाबी मिली है। गंभीर रुप से घायल राजनांदगांव के उमेश आज पूरी तरह स्वस्थ हो गया है।

राजनांदगांव जिले के घुपसाल ग्राम का 35 वर्षीय उमेश कुमार सात फरवरी को घर में आग तापते हुए नींद में आग में गिरने से बुरी तरह जल गया था। गंभीर हालत में उसे डोंगरगांव फिर राजनांदगांव में उपचार बाद रायपुर के हॉस्पिटल में 18 दिनों तक भर्ती रहा। लेकिन सुधार नहीं होने पर परिवार उसे पुनः राजनांदगांव और फिर भिलाई के निजी चिकित्सालयों में ले गया। महीनों भटकने के बाद भी घाव न भरने से उसकी स्थिति अत्यंत गंभीर हो चुकी थी।लगातार दर्द और अधूरे इलाज के कारण उमेश के दोनों हाथ कंधे और कोहनी के पास से पूरी तरह से आपस में चिपक गए थे।

- महीनों निजी अस्पतालों में इलाज के भटकते रहे



### 40 प्रतिशत जले हुए घाव

उमेश खाने पीने के साथ कोई भी काम नहीं कर सकता था। उसे 18 अगस्त को उमेश को जेएलएन असप्ताल में भर्ती कराया गया। परीक्षण में पाया गया कि उसके दोनों कंधे छाती से जुड़े थे और कोहनियाँ पूरी तरह मुड़ी हुई थीं। शरीर में खून और प्रोटीन की भी भारी कमी थी तथा 40 प्रतिशत क्षेत्र पर गहरे जले घाव थे।बर्न यूनिट की टीम ने 26 अगस्त को पहला बड़ा ऑपरेशन किया गया।

### टीम वर्क से मिली सफलता

बर्न विभाग प्रमुख डॉ. उदय कुमार के नेतृत्व में डॉ. अनिरुद्ध मेने एवं उनकी टीम ने सावधानी से कोहनी और कंधे की सर्जरी की और जले हुए स्थान पर स्किन ग्राफ्टिंग कर नई त्वचा प्रत्यारोपित की। हाथ फिर से कार्यशील हो गया। उसके बाएँ हाथ पर सर्जरी की गई, कोहनी और कंधे के जोड़ को सीधा कर त्वचा का प्रत्यारोपण किया गया। उपचार से उमेश के दोनों हाथ खुल चुके थे। उपचार से वह अपने पैरों पर खड़ा हो गया। सर्जरी के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. विनीता द्विवेदी व एनेस्थीसिया विभाग व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेन्द्र ठाकुर व डां उदय कुमार के मार्गदर्शन और पूरी ऑपरेशन टीम के समन्वय से यह जटिल ऑपरेशन संभव हुआ।



हरिभूमि
रायपुर, गुरुवार 20 नवंबर 2025
लाइव
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129


02



महापुरुषों का रूप धारण कर नन्हें बच्चों ने दी प्रस्तुति

## लाइव इवेंट

### पूर्वजों की दिनचर्या व वर्तमान जीवन शैली की तुलनात्मक समीक्षा



**दुर्ग।** श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा परिसर में संचालित प्राकृतिक एवं योगोपचार संस्थान आरोग्यम्- नगपुरा के तत्वाधान में राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस के उपलक्ष्य पर निःशुल्क स्वास्थ्य-जागरूकता शिविर का आयोजन ग्राम रसमड़ा में किया गया। विशेषज्ञों द्वारा प्रकृति के संग चले-जीवन रंग खिले, पूर्वजों की दिनचर्या और वर्तमान जीवन शैली के तुलनात्मक समीक्षा के साथ जनमानस को जागरुक परामर्श, प्राथमिक उपचार, अल्पाहार की जानकारी शिविर में दिया गया। संस्थान अध्यक्ष गजराज पगारिया के मार्गदर्शन आयोजित इस शिविर में लगभग दो सौ से अधिक व्यक्तियों ने निःशुल्क परामर्श लिया।

शासकीय चिकित्सालय के डॉ. तारेन्द्र देशमुख, डॉ. नरेन्द्र जैन, डॉ. अपूर्वा खंडूजा, तथा जिला पंचायत सभापति सुश्री प्रिया साहू ,मोतिम बालकिशन निषाद सरपंच, नंदू निर्मलकर ग्राम समिति अध्यक्ष के आतिथ्य में आयोजित शिविर में आरोग्यम् के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दानेश्वर, चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिव्या रात्रे ने प्राकृतिक चिकित्सा के लाभ एवं दैनिक दिनचर्या से स्वस्थ जीवन विषय पर व्याख्यान दिए। कार्यक्रम का संचालन ग्राम समिति सचिव लालजी गुप्ता ने किया। शिविर में सभी शिविरार्थियों को आरोग्यम् की ओर से स्वास्थ्यवर्धक औषधियुक्त काढ़ा एवं अंकुरित स्वाल्पाहार प्रदान किया गया। पुरुषोत्तम साहू, तुलसीयादव, टुमन देशमुख, कमला वर्मा ने आरोग्यम् की ओर से अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। शिविर में डॉ. दानेश्वर ने बतलाया कि संस्थान द्वारा ग्रामवासियों को सेवा भावना से निःशुल्क परामर्श दिया जाता है। जरूरतमंद - निर्धन रोगियों की निःशुल्क सेवा भी संस्थान द्वारा उपलब्ध कराया जाता है । सरपंच मोतिम निषाद ने कहा कि ऐसे आयोजन से हमें स्वस्थ्य जीवन जीने का ज्ञान मिलता है। वर्तमान दौड़ भाग से भरी जिंदगी में लगभग हर व्यक्ति अशांत है। ऐसे में योग और प्राकृतिक चिकित्सा की महती आवश्यकता है। कार्यक्रम में शासकीय चिकित्सालय रसमडा के सेवा कर्मी,रसमडा पंचायत के उपसरपंच,पंचगण एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## सिटी इवेंट

### सेक्टर -6 व हुडको कालीबाड़ी में कार्तिक पूर्णिमा की रौनक, उमड़ी श्रद्धा का सैलाब





**भिलाई।** कार्तिक पूर्णिमा पर सेक्टर 6 और हुडको की कालीबाड़ियों में सुबह से पूजा और दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ रही। सभी वर्ग के लोग परिवार सहित दीपदान, आरती और हवन में शामिल हुए।यहां पूजा की शुरुआत पारंपरिक मंत्रोच्चार के साथ हुई। श्रद्धालुओं ने दीप जलाकर प्रांगण को रोशनी से भर दिया। इसके बाद पुष्पांजलि और विशेष आरती हुई, जिसमें लोगों ने देवी के सामने अपनी प्रार्थनाएं रखीं। पूजा के बाद भोग वितरण शुरू हुआ। लोग लाइन में लगे और प्रसाद ग्रहण किया। दोनों कालीबाड़ियों में दिनभर उत्सव जैसा माहौल रहा। श्रद्धालु शाम तक आते रहे और रोशनी, भजन और पूजा की धुनों ने पूरे परिसर को जीवंत बनाए रखा। इस अवसर पर बंगाली समाज के लोगो ने मंदिर के साथ साथ घरों में भी विशेष पूजा अर्चना की ।

### नए जीएसटी भवन के उद्घाटन में भिलाई चैंबर की अहम भूमिका



**भिलाई।** रायपुर में नए जीएसटी भवन के उद्घाटन कार्यक्रम में भिलाई चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी और जीएसटी कमिश्नर पुष्पेंद्र मीणा को शुभकामनाएं दीं और संगठन की ओर से सहयोग का भरोसा जताया। कार्यक्रम में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि राज्य की अर्थव्यवस्था में व्यापारियों की भूमिका अहम है। उन्होंने बताया कि विभाग और चैंबर मिलकर व्यापार जगत की चुनौतियों को कम करने के लिए लगातार काम करेंगे। उनका कहना था कि तकनीकी समझ और अपडेट रहना अब व्यापार का जरूरी हिस्सा है, और इसी से राज्य की विकास रफ्तार तेज होगी। चैंबर के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने कहा कि जीएसटी से जुड़ी जानकारी और प्रशिक्षण लगातार व्यापारियों तक पहुंचाना संगठन की प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि चैंबर आगे भी प्रशिक्षण, जागरूकता और शासन से संवाद की प्रक्रिया को जारी रखेगा। प्रतिनिधिमंडल में गार्गी शंकर मिश्रा, सुनील मिश्रा, भोलानाथ सेठ, राजेश शर्मा, चिन्ना राव और जितेंद्र गुप्ता सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

**कोजी कब्स, विंटर वंडर्स डिजाइन ड्रेस, बाजारों में नए ट्रेंडी डिजाइनर कलेक्शन की मांग**

# विंटर फैशनेबल वियर का बढ़ा ट्रेंड, बच्चों को भा रहा क्यूट लुक कैप और फैदर मोजे, युवाओं में लेदर, सिमर, डेनिम का चलन

**भिलाई।** ट्विनसिटी में पिछले कई दिनों से पड़ रही कड़ाके की ठंड से बचने लोग वूलन मार्केट गर्म कपड़े खरीदने पहुंचने लगे है। जहां बच्चे अपने लिए क्यूट सी आवाज करने वाली टोपी, मोजे और जूते पसंद कर रहे है वहीं महिलाएं और युवा स्टाइलिश पोंचू शॉल डेनिम फुल व हॉफ जैकेट की डिमांड कर रहे है। ठंड बढ़ते ही शहर में विंटर फैशन का ट्रेंड तेजी से बदलने लगा है। मार्केट में डिजाइनर गर्म कपड़ों की मांग बढ़ रही है। दुकानों में नए विंटर वियर लोगों की पहली पसंद बन गई है। खासकर कॉलेज स्टूडेंट्स, ऑफिस वकर्स और बच्चों के लिए इस बार कई आकर्षक और ट्रेंडी डिजाइन बाजार में लाए गए हैं। कुछ दिनों से सेक्टर 6 सतनाम भवन के सामने, पावर हाउस वुलन मार्केट, दुर्ग सहित आसपास के दुकानों में खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। जहां लोग गर्म कपड़े खरीदते नजर आए। दुकानदारों के अनुसार, विंटर सीजन में ऑफिस और कॉलेज जाने वाली लड़कियों के लिए नए स्टाइलिश जैकेट, हुडी, स्वेटर और फैशनेबल ड्रेसेस लाई गई हैं, जो उनकी पहली पसंद है। विंटर सीजन की शुरुआत के साथ ही बाजारों में रौनक बढ़ गई है, जो न्यू लुक क्रिएट कर रहे।

### बच्चों के लिए क्यूट लुक कैप और फैदर मोजे बने पसंद

रिसाली फैशन वैली की संचालिका सोनम ने बताया कि इस बार छोटे बच्चों के लिए क्यूट लुक कैप और फैदर मोजे आये हुए है जिसे बच्चों के साथ साथ बड़े भी पसंद कर रहे है। सिर से लेकर कान तक ढकने वाली टोपी जो कान के पास से लटकती है और उसे बच्चें पकड़कर खीचते हुए खूब मजे करते दिखाई दे रहे है जो कान के पास आवाज करता है, और यह टोपी भीड़ में अलग पहचान दिला रहा है जो आकर्षण का केंद्र भी बन जाते है। आजकल फैब्रिक में कॉट्स वूल, डेनिम, सिमर में कुर्ती-पैंट, ओवरकोट, लेदर जैकेट, जो लड़कियों में क्लासिक के साथ डिसेंट कूल लुक में रेड-ब्लैक, कॉफी, ब्राउन, वार्म और डार्क कलर के कपड़े ज्यादा ट्रेंड में हैं, ये कपड़े गर्म होने के साथ स्टाइलिश लुक भी देते हैं। साथ ही ये फैब्रिक पहनने में एकदम हल्के होते हैं। लड़कियों की ड्रेस 800-1000 रुपए से शुरू होती है।





### ठंड से बचाने के साथ ही फैशन भी कर रहे मेंटेन

सर्दियों का मौसम चल रहा है, ऐसे में खुद को ठंड से बचाने के अलावा फैशन मेंटेन करने के तरीके भी युवा चाहते हैं। शहर के युवा फैशन डिजाइनर्स ने कॉट्स वूल, डेनिम, लेदर, कलर में ब्राउन-ग्रीन, रेड ब्लैक, ब्रॉउन कॉफी जैसे कलर युवाओं के लिए तैयार किए हैं, जिससे युवा सर्दी के मौसम में दूसरों से हटकर स्टाइलिश दिखें, ठंड के मौसम में फैशनेबल हों और उनकी पर्सनैलिटी भी स्टाइलिश हो, खासकर कॉलेज और ऑफिस जाने वाले युवा ऐसा चाहते हैं।



### क्लासिक ब्लेजर शादी पार्टी और ऑफिस में भी फेवरेट

फ्रीलांस ड्रेस डिजाइनर ने बताया कि सर्दी में चैक्स पैटर्न के साथ लॉस पेंट विथ जिप शर्ट, वूलेन की हाई-नेक टीशर्ट, टू इन वन पैटर्न के डेनिम के अलावा कलर में ब्राउन ग्रीन, व्हाइट-ब्लू ट्रेंड में है। साथ ही क्लासिक ब्लेजर के साथ नॉर्मल फिट जींस आजकल ट्रेंड में है, जिसे युवा शादी समारोह के साथ-साथ ऑफिस में भी पहन रहे हैं। इसकी कीमत 3000 रुपए से शुरू होती है।

### जैकेट स्टाइल बॉम्बर युवाओं को भाया

बॉम्बर एक नई स्टाइल है, यह जैकेट की तरह ही होती है, लेकिन इसका फैब्रिक बहुत ही सॉफ्ट और हल्का होता है। सॉफ्ट और हल्का होने के बाद भी यह शरीर को गर्म बनाए रखता है, साथ ही बाहर की हवा अंदर आने से रोकता है। इसके साथ जॉगर पहनने पर बहुत ही कूल लुक मिलता है। बॉम्बर, जॉगर टॉप और बॉटम वेयर का बहुत ही कंफर्टेबल कॉम्बिनेशन है। सॉफ्ट और स्ट्रेचेबल होता है, जो बॉटम में कंफर्ट लेवल को मेंटेन रखता है। शहर में सबसे ज्यादा यही ट्रेंड में है।

# एआई का ज्ञान विद्यार्थियों के लिए जरूरी प्रोफेशनल पैकेजेस में डिमांड



**भिलाई।** भिलाई महिला महाविद्यालय में कम्प्यूटर विभाग द्वारा कारपोरेट एंड प्रोफेशनल पैकेजेस विषय पर विशेष अतिथि व्याख्यान और कम्प्यूटर एसोसिएशन के नवीन पदाधिकारियों का शपथ-ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान छात्रों ने कार्यशाला को प्रेरक और ज्ञानवर्धक बताते हुए सराहा। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत द्वारा की गई। जिसके बाद प्राचार्या प्रतिभा छाया क्लॉडियस और उप प्राचार्या डॉ. आशा रानी दास द्वारा औपचारिक उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर नैक समन्वयक डॉ. रूपम अजीत यादव, आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. भावना पांडे, सभी विभागाध्यक्ष और विभागीय प्राध्यापक उपस्थित रहे।

कंप्यूटर विज्ञान की विभागाध्यक्ष सलमा मोहम्मद शफी ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि तेजी से बदलती उद्योग आवश्यकताओं के बीच ऐसे विशेषज्ञों का मार्गदर्शन हमारे विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी है। आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. भावना पांडे ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस का ज्ञान विद्यार्थियों के लिए आवश्यक हो गया है। प्राचार्या ने बताया कि भविष्य के अधिकांश करियर अवसर एआई आधारित कौशल पर निर्भर करेंगे, इसलिए छात्रों को तकनीकी और डिजिटल युग की मांगों को समझते हुए स्वयं को तैयार करना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एआई मंत्रास सीईओ अभिनव क्लॉडियस, भिलाई आधुनिक कॉर्पोरेट जगत में एआई आधारित कौशल, उच्च वेतनमान करियर अवसरों और भविष्य की तकनीकी आवश्यकताओं पर व्याख्यान दिया। इस अवसर पर विभाग के संकाय सदस्य दीपक दास माणिकपुरी, कुलजीत कौर, रेणुका गजपाल और जूही सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन और आभार प्रदर्शन कम्प्यूटर विज्ञान विभाग की एमएससी 3 सेमेस्टर की छात्राएं सौम्या वास्निक, शशिकला साहू और आफरीन अहमद द्वारा किया गया।

# ब्लैक बेल्ट क्वालीफाई करने ताईक्वांडो खिलाड़ियों को किया प्रोत्साहित



**भिलाई।** जिला ताइक्वांडो संघ दुर्ग का बेल्ट ग्रेडिंग का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के 150 ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। जिसका प्रमाणपत्र वितरण किया गया। संघ के सचिव और राष्ट्रीय रेफरी राकेश पुरी गोस्वामी ने बताया कि कार्यक्रम में दशनाम गोस्वामी समाज प्रदेश अध्यक्ष मोहन पुरी गोस्वामी, रघुनाथ नायर उपस्थित रहे और उन्होंने खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र का वितरण किया। मोहन पुरी गोस्वामी ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए जिला ताइक्वांडो संघ दुर्ग का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। सीनियर खिलाड़ी मितुल कुमार साहू, धारा गोस्वामी, जयप्रकाश साहू, जय चंद्राकर, यज्ञदत्त साहू, दीपेश कुमार निर्मल, विजयलक्ष्मी ताम्रकार, जितेंद्र कुमार साहू को ब्लैक बेल्ट प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। ये सभी खिलाड़ी कोच राकेश पुरी गोस्वामी के मार्गदर्शन में ब्लैक बेल्ट क्वालीफाई किए थे। सभी खिलाड़ियों को उत्तम कुमार बौद्ध, राजेश कुमार वर्मा, धन सिंह चंद्राकर, भुनेश्वरी ठाकुर, ज्योति वर्मा, अनिल कुमार देवांगन, डोमिनिक पियर्स, चंद्रकुमार साहू ने भविष्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने प्रोत्साहित किया।

**संत ज्ञानेश्वर महाराज संजीवनी समाधी**

# पारंपरिक वेशभूषा में निकाली पालकी यात्रा, कान्हा ने तोड़ी दही हांडी, महाप्रसाद गोपालकाला ग्रहण कर किया भजन-कीर्तन

**कार्नर न्यूज**

भिलाई। श्री संत ज्ञानेश्वर महाराज संजीवनी समाधी सोहला का तीन दिवसीय आयोजन का समापन धूमधाम के साथ किया गया। श्री संत ज्ञानेश्वर महाराज पालखी शोभायात्रा ढोल नगाड़े के साथ महाराष्ट्रीयन परंपरा के अनुसार भजन कीर्तन कर नाचते गाते हरी विट्ठल, जय पांडुरंग, संत तुकाराम और गजानन महाराज की जयकारे लगाते हुए शहर के प्रमुख चौक-चौराहों से निकाली गई। इस अवसर पर महाराष्ट्रीयन समाज के भक्तो द्वारा सुबह संत ज्ञानेश्वर महाराज का अभिषेक कर पूजा-अर्चना की गई। पालखी यात्रा के दौरान विशेष रूप से पालखी को सजाया गया था जिसमें संत ज्ञानेश्वर और विट्ठल महाराज को विराजमान कराया गया और सभी भक्तों ने मिलकर गाजे-बाजे के साथ बारी-बारी पालखी पकड़कर शोभायात्रा निकाली।







### कान्हा ने तोड़ी दही हांडी

इस अवसर पर बाल गोपाल के द्वारा दही हंडी फोड़ी गई और भगवान कृष्ण को प्रिय गोपाल काला का प्रसाद सभी भक्तों को महाप्रसाद के रुप में बांटा गया। इस दौरान प्रमुख रूप से भजन कीर्तन कर देवताओं का महात्म्य बताया गया। संतोष राठौर, महाराज तुकाराम ने अपने भजन और हरिपाठ के दवरा संत ज्ञानेश्वर महाराज के जीवन और समाधी उत्सव के बारे में विशेष जानकारी दी। जिसमें विभिन्न समाज के भेदों को मिटाने प्रेम और भक्तिमार्ग में चलने का संदेश दिया गया।

### कीर्तन में दी प्रस्तुति

इस कार्यक्रम अवसर पर प्रमुख रूप से मुंबई से कीर्तनकार तुकाराम निकम, भजन कीर्तनकार संतोष राठौड़, तबला वादक नंदू वरलीकर, हार्मोनियम वादक श्रीकांत भुताड, शंकर पावडे, नथुजी कोराडे, एम के पाटील, लता राजेश माहूरकर, वैशाली अजय माहुरकर, श्रावण माहुरकर, संध्या कैलाश धाडसे, उषा प्रशांत क्षीरसागर, ओम पियुष क्षीरसागर, प्रतिमा गोंदे, मनोज ठाकरे सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## सिटी इवेंट

# रानी लक्ष्मी की वीरता और बलिदान को किया याद



**दुर्ग।** स्वतंत्रता संग्राम वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के 197 वीं जन्म जयंती के अवसर पर केलाबाड़ी चौक पर स्थित रानी लक्ष्मी बाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें नमन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

- 197 वीं जयंती पर भाजपाइयों ने किया नमन

सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि झाँसी की रानी ने ब्रिटिश शासकों के विरुद्ध स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वह अपनी निडरता और वीरता के लिए प्रसिद्ध हैं। रानी लक्ष्मीबाई की मुख्य विशेषताएं उनकी वीरता, साहस, बुद्धिमत्ता और नेतृत्व क्षमता थीं। वह एक उत्कृष्ट योद्धा थीं, जिन्हें तलवारबाजी, घुड़सवारी और अन्य हथियारों के इस्तेमाल में महारत हासिल थी। इसके अतिरिक्त, वह अपनी प्रजा के प्रति कर्तव्यनिष्ठ और कुशल प्रशासक थीं और उनमें नारी शक्ति का एक मजबूत प्रतीक बनने की क्षमता थी। इस अवसर पर भाजपा उपाध्यक्ष मनोज सोनी ,मंडल भाजपा अध्यक्ष महेंद्र लोढ़ा, वरिष्ठ भाजपा नेता रजा खोखर सहित जिला सह मीडिया प्रभारी राकेश दुग्गड, पार्षद संजय अग्रवाल, सरिता चंद्राकर, कुलेश्वर साहू, कमल देवांगन, पूनम यादव, बाबा ब्रह्म भट्ट, राम अग्रवाल, ईश्वर देवांगन, कुंदन साहू, दीपक सिन्हा इष्टपाल सिंह भाटिया,द व वर्मा उपस्थित थे।

## धर्म लाइव

# 24 कुंडीय राष्ट्र शौर्य संवर्धन गायत्री महायज्ञ का आयोजन दिसंबर में



**भिलाई।** अंजोरा में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन 17 से 20 दिसंबर तक किया जाएगा। इस आयोजन के प्रचार-प्रसार के लिए प्रभात फेरी और दीपयज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्र शौर्य और समृद्धि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस महायज्ञ का तीन दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में गायत्री मंत्रों का सामूहिक उच्चारण, हवन, और अन्य धार्मिक अनुष्ठान होंगे। गायत्री परिवार के सदस्यों और स्थानीय लोगों के लिए यह एक महत्वपूर्ण आयोजन है। आयोजन को व्यापक और विशाल बनाने के लिए दुर्ग ग्रामीण दुर्ग शहर के गायत्री परिवार लगातार समय और श्रमदान कर प्रचार प्रसार कर रहे हैं लोगों के घर घर पहुंच कर आमंत्रण दिया जा रहा है। प्रतिदिन अलग-अलग टोली के माध्यम से सुबह साढ़े बजे से गांव में प्रभात फेरी निकाल कर लोगों को कार्यक्रम का संदेश दिया जा रहा है। उसके बाद उन गांव में शाम को गांव के चौक में दीपयज्ञ के माध्यम से कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को बताकर उनको आमंत्रित किया जा रहा है।

## सिटी इवेंट

# स्वतंत्र भारत में उच्च शिक्षा की नींव रखी थी मौलाना आजाद ने : खान



**भिलाई।** मदरसा मरकजी मस्जिद कैंप-2 भिलाई में स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मदरसे के सभी विद्यार्थी और जमात-ए-इस्लाम भिलाई इकाई के सदर एजाज अहमद मौजूद थे। इस दौरान इकरा टीचर्स एसोसिएशन के संस्थापक ए यू खान ने मौलाना आजाद की जीवनी पर रोशनी डाली। उन्होंने देश के पहले शिक्षा मंत्री के तौर पर उच्च शिक्षा संस्थानों की स्थापना में मौलाना आजाद की भूमिका पर खास तौर पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की कैबिनेट के सदस्य के तौर पर देश में उच्च शिक्षा में उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए साल 2008 में केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने उनके जन्मदिन पर प्रति वर्ष 11 नवंबर को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाने का फैसला किया था। उन्होंने बताया कि मौलाना आजाद ने देश के पहले शिक्षा मंत्री के तौर पर देश में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद एआईसीटीई, खड़गपुर उच्च शिक्षा संस्थान आईआईटी खड़गपुर और जामिया मिलिया इस्लामिया की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, वहीं महिलाओं की शिक्षा और 14 साल तक बच्चों के लिए मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा की भी वकालत की। इस अवसर पर हाजी बैतुल्लाह खान, इश्तियाक खान, शेख जाफर, सैयद जाफर, शकील अहमद, बबलु, अजमेर खान और जाकिर सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## बुजुर्गों एवं आम नागरिकों के लिए साइबर सुरक्षा जागरुकता कार्यशाला आयोजित

# लालच या बहकावे में न आएं, डिजिटल युग में सतर्कता ही सुरक्षा है अपरिचित लिंक, ओटीपी और बैंक कॉल पर कभी भरोसा न करें

**भिलाई।** भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ के तत्वावधान में सियान सदन हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भिलाई में बुजुर्गों और आम नागरिकों के लिए साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया हुआ। कार्यशाला में बढ़ते साइबर अपराधों, ऑनलाइन ठगी, बैंकिंग फ्रॉड, सोशल मीडिया फेक प्रोफाइल और डेटा सुरक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

कार्यशाला में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अध्यक्षता महासंघ के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने की। हेल्पेज इंडिया के राज्य प्रमुख शुभांकर बिस्वास, साइबर विशेषज्ञ डॉ संकल्प राय विशेष रूप से उपस्थित थे। भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ की ओर से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल को साइबर ठगी एवं धोखाधड़ी के खिलाफ दुर्ग जिले में व्यापक जनजागरण अभियान चलाने के लिए शॉल, श्रीफल और अभिनन्दन पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। उन्हें महासंघ की पत्रिका सियान पथ की प्रति भी भेंट की गई। एसएसपी अग्रवाल ने कहा कि जागरूकता, सतर्कता, सत्यापन और संयम ही साइबर सुरक्षा के प्रमुख आधार हैं। उन्होंने साइबर फ्राड से बचने के उपाय बताए और सभी नागरिकों से साइबर प्रहरी ऐप से जुड़ने अपील की।





### ठगी से बचने जागरुकता जरूरी

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए घनश्याम देवांगन ने बुजुर्गों के साथ बढ़ते साइबर ठगी के मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बुजुर्ग अनजान लोगों के किसी भी तरह के लालच और बहकावे में न आए और आनलाईन लेन-देन में विशेष सावधानी बरतें। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यशाला के आयोजन से लोगों में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ती है और साइबर ठगी एवं धोखाधड़ी से बचाव होता है। शुभांकर बिस्वास ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए हेल्पेज इंडिया की ओर से टेली मेडिसिन की सुविधा भिलाई-दुर्ग में शुरू करने की घोषणा की।



### साइबर फ्राड से बचने दी सलाह

साइबर फ्राड से बचने के लिए नागरिकों को विशेष सावधानियां मुख्य वक्ता साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ डॉ संकल्प राय ने बताया कि मोबाइल पर आने वाले अज्ञात लिंक, क्यूआर कोड, नकली कस्टमर केयर कॉल, फर्जी ऐप, ओटीपी मांगने वाले संदेश, भाग्यशाली लाटरी निकलने का लालच देना और डिजिटल अरेस्ट की धमकी देना आजकल साइबर अपराध का सबसे बड़ा माध्यम बन चुके हैं। उन्होंने साइबर फ्राड से बचने के लिए नागरिकों को विशेष सावधानियां बरतने की सलाह दी।

### इन जरूरी बातों का रखें ध्यान

- किसी को भी ओटीपी, पासवर्ड या पिन न बताएं
- अनजान नंबर से आए लिंक या क्यूआर कोड कभी न खोलें
- लोक लुभावन आफर से सावधान रहें
- सोशल मीडिया एवं ई-मेल की गोपनीयता सेटिंग्स मजबूत रखें
- पासवर्ड नियमित रूप से बदलते रहें और दो-स्तरीय सुरक्षा सक्रिय रखें
- किसी भी संदेहास्पद गतिविधि पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज करें

### कार्यक्रम में शामिल होकर मन की शंका को किया दूर

इस अवसर पर गायक जोसफ और भरत लाल मोगरे ने कार्यशाला में सुमधुर गीत गाकर समां बांधा और दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। कार्यशाला में पार्षद प्रदीप सेन, महासंघ के कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता, शिवप्रसाद साहू, डॉ के.एल. विश्वकर्मा, एस. आर. प्रसाद, अनंतराम वर्मा, सी.डी. मानिकपुरी, दुबेलाल सेन, धानेश्वर निर्मल, एस के नंदी, के .बी.गुजर, डॉ ओ.पी. शर्मा, ओमप्रकाश गुप्ता, मंगलूराम देवांगन, ओमप्रकाश साहू, भरतलाल मोगरे, हुकुमचंद जैन, कपिल देव शाह, मुकेश कुमार, छाया विश्वकर्मा, शैलजा वार्ष्णेय, शोभा गुजर, तृप्ति नंदी, लावन्या डे, मंदा वासनकर, प्रतीक्षा मुखर्जी, सुरेखा, तारा विश्वकर्मा, शीला मोहनन सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक, महिलाएं और स्थानीय नागरिकों ने शिरकत की। कार्यक्रम के अंत में दिनेश कुमार गुप्ता ने आभार व्यक्त किया। उपस्थित सभी लोगो ने इसे उपयोगी और समय की मांग बताया।

## विधायक ललित ने दिखाई हरी झंडी

# अयोध्या दर्शन के लिए श्रद्धालुओं से भरी विशेष ट्रेन दुर्ग से रवाना



**दुर्ग।** मुख्यमंत्री तीर्थ योजना अन्तर्गत बुधवार को दुर्ग रेलवे स्टेशन से अयोध्या धाम के दर्शन के लिए रवाना होने वाली विशेष श्रद्धालु ट्रेन को विधायक ललित चन्द्राकर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किए। भारी संख्या में श्रद्धालुजन अयोध्या दर्शन के लिए यात्रा में शामिल हुए। इस अवसर पर महापौर अल्का बाघमार, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, सुखदेव देवांगन, महामंत्री चंदु देवांगन, जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे, मुख्य स्टेशन प्रबंधक सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं श्रद्धालुजन उपस्थित थे।



## रंगारंग कार्यक्रम

# महापुरुषों का रूप धारण कर नन्हें बच्चों ने दी प्रस्तुति



**भिलाई।** संत कबीर पब्लिक स्कूल जी.केबिन चरोदा में बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा देश के महापुरुषों का रूप धारण कर उनके जीवन का परिचय दिया गया। जो बहुत ही मनमोहक रहा। उपस्थित अतिथियों के द्वारा विभिन्न विषयों पर बच्चों के द्वारा बनाए गए पेंटिंग, प्रोजेक्ट की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया गया। बाल दिवस के अवसर पर आचार्य हरीश, अमर साहू, राम कुमार साहू, छन्नू बंजारे, संत कबीर पब्लिक स्कूल के दया दास साहू सहित शिक्षक शिक्षिकाएं एवं पालक गण उपस्थित थे।

**संत कबीर पब्लिक स्कूल जी.केबिन चरोदा में बाल दिवस मनाया गया**

## 41 बैडमिंटन और क्रिकेट की 28 टीमों की रही भागीदारी

# राज्यस्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में महिला टीम ने मारी बाजी, क्रिकेट मुकाबले भी रहे रोमांचक

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य तकनीकी शिक्षा विभाग अंतर्गत छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय सीएसवीटीयू द्वारा आयोजित एकीकृत राज्यस्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन एन वी प्रो बैडमिंटन अकादमी हुड़को दुर्ग में किया गया। इस दौरान क्रिकेट का भी आयोजन किया गया।सीएसवीटीयू द्वारा आयोजित दोनों प्रतियोगिताओं में 28 क्रिकेट टीमें और 41 बैडमिंटन टीमों की भागीदारी रही, जिसने तकनीकी संस्थानों में खेल संस्कृति को एक नई दिशा दी है। बैडमिंटन प्रतियोगिता में महिला वर्ग में बीआईटी दुर्ग विजेता और एसएसटीसी भिलाई उपविजेता रही, वहीं पुरुष वर्ग में एसएसआईपीएमटी रायपुर विजेता और आरसीईटी आर-1 भिलाई उपविजेता रही। विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. आर.जी. ब्रजेश ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि तकनीकी शिक्षा संस्थानों में खेल गतिविधियों का बढ़ना सराहनीय है। बैडमिंटन जैसे प्रतिस्पर्धी खेल से छात्रों में फुर्ती, अनुशासन और निर्णय क्षमता का विकास होता है।



### यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. आर.जी. ब्रजेश, विश्वविद्यालय खेल निदेशक किशोर कुमार भारद्वाज, आयोजन सचिव डॉ. अमित श्रीवास्तव, सेनि. लेफ्टिनेंट के.पी. यादव, सहा. प्राध्यापक शेषनारायण साहू, वरिष्ठ खेल अधिकारी कोंडल राव, अंपायर आभास अग्रवाल, निखिल प्रसाद, रोहित शर्मा, स्वप्निल, अनुभव ताम्रकार और तनमय, चयनकर्ता विवेक कुमार साहू, विक्रांत शर्मा, कोच, मैनेजर, दर्शक सहित काफी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### ये खिलाड़ी हुए चयनित

विश्वविद्यालय बैडमिंटन टीम के लिए पुरुष वर्ग में तनिष्क पांडेय आरसीईटी आर-1 भिलाई, समीर मलिक एसएसआईपीएमटी रायपुर, एलिसन थॉमस शासकीय पॉलिटेक्निक अंबिकापुर, शौर्य कृष्णा एसएसआईपीएमटी रायपुर, उभय राज सिंह एसएसआईपीएमटी रायपुर, 3 खिलाड़ी स्टैंडबाय में चयनित हुए है। महिला वर्ग में चयनित खिलाड़ी अंशिका चंद्रवंशी एसएसटीसी भिलाई, नम्रता रॉय बीआईटी दुर्ग, मीमांसा वर्मा एस एसआईपीएमटी रायपुर, सुहानी जैन बीआईटी दुर्ग, श्रेया पांडेय बीआईटी दुर्ग, दृष्टि पाली एसआईपीएमटी रायपुर, 3 खिलाड़ी स्टैंडबाय में रहेंगे। महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में समान प्वाइंट होने पर गोल्डन प्वाइंट का निर्णय लागू किया गया, जिसमें बीआईटी दुर्ग ने बढ़त हासिल कर खिताब जीता।

### क्रिकेट भी रहा आकर्षण का केंद्र

इसी दौरान पं. रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में चल रही सीएसवीटीयू राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में दो महत्वपूर्ण मैच खेले गए। जिसका पहले मैच सीईसी बिलासपुर ने विश्वविद्यालय फार्मेसी महाविद्यालय को 8 विकेट से हराया। दूसरा मैच शासकीय पॉलिटेक्निक बालोद की टीम को पूर्ण गणवेश में न आने से 5 रन की पेनाल्टी लगी, कड़े मुकाबले के बाद सीसीओपी बिलासपुर ने 6 रन से मैच जीता। सीएसवीटीयू द्वारा आयोजित दोनों प्रतियोगिताओं में 28 क्रिकेट टीमें और 41 बैडमिंटन टीमों की भागीदारी रही, जिसने तकनीकी संस्थानों में खेल संस्कृति को एक नई दिशा दी है। प्रतिभागियों का उत्साह, अनुशासन और दर्शकों की भारी उपस्थिति ने पूरे आयोजन को यादगार बना दिया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### मुख्यमंत्री के हाथों हॉकी वर्ल्ड कप ट्रॉफी का अनावरण



**रायपुर।** एफ आई एच जूनियर मेंस हॉकी वर्ल्ड कप 28 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक चेन्नई, तमिलनाडु में आयोजित की जा रही है। हॉकी इंडिया, नई दिल्ली द्वारा वर्ल्ड कप ट्रॉफी का देश के 16 राज्यों में भ्रमण कराया जा रहा है। जिसके तहत राजधानी रायपुर में ट्रॉफी का आगमन एयरपोर्ट में हुआ जंहा भव्य स्वागत किया गया।

तत्पश्चात ट्रॉफी को छत्तीसगढ़ हॉकी के पदाधिकारियों ने विधानसभा में ले जाया गया जंहा विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री, डॉ. रमन सिंह जी विधानसभा अध्यक्ष, तोखन साहू केंद्रीय मंत्री, अरुण सॉव खेल मंत्री छत्तीसगढ़ शासन तथा छत्तीसगढ़ ओलम्पिक संघ के महासचिव विक्रम सिंह सिसोदिया की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ।

अनावरण कार्यक्रम के मुख्य आतिथि विष्णुदेव साय ने अपने उध्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खेल के प्रति जो कदम उठा रहे है वो सराहनीय है। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री ने खेल के प्रति बड़ी ही रुचि दिखाते हुए कई योजनाएं खेल के लिए तैयार की है। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया के तहत कई ऐसे खेल मैदान तैयार कर खिलाड़ियो के लिए एक नई पहचान दी है।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फ़रिज़ अंसारी ने अपने स्वागत उद्धबोधन में बताया कि हॉकी इंडिया द्वारा राष्ट्रीय खेल के प्रति सारे देश मे अलख जगाने के लिए तथा जूनियर वर्ल्ड कप हॉकी के प्रचार प्रसार के लिए यह ट्रॉफी टूर का आयोजन किया गया है। ट्रॉफी टूर के स्वागत व अनावरण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मनीष श्रीवास्तव महासचिव छत्तीसगढ़ हॉकी, मृणाल चौबे (अंतराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी) अकरम खान, नीलम जैन, सुश्री आशा थॉमस, रणविजय प्रताप सिंह, मुश्ताक अली प्रधान, अमिताभ मानिकपुरी, रवि पारिख, शकील अहमद, अनीस राजा, तीरथ गोस्वामी, राजा खान, आर्यन श्रीवास्तव, विष्णुदेव चौबे, रश्मि तिर्की, अभिनव मिश्रा, रूपेश जायसवाल, कृष्णा यादव, धवल परमार,अमन नागवादिया और दीपांशु वर्मा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अकरम खान ने किया तथा मनीष श्रीवास्तव ने आभार व्यक्त किया।

### तलवारबाजी में छत्तीसगढ़ की महिला टीम ने जीता कांस्य



**रायपुर।** राजधानी नई दिल्ली में आयोजित 36वीं सीनियर राष्ट्रीय फेंसिंग (तलवारबाजी) प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ महिला टीम ने आख़िरी दिन बुधवार को फॉयल टीम इवेंट में कांस्य पदक जीत कर छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता 15 नवंबर से जारी थी। जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से प्रतिभागी शामिल हुए। छत्तीसगढ़ फॉयल महिला टीम ने क्वार्टर फ़ाइनल में महाराष्ट्र को 45-39 अपना मेडल सुनिश्चित किया। सेमीफायनल मुकाबले में तमिलनाडु से 35-45 के स्कोर से हार का सामना करना पड़ा ।इसी के साथ तृतीय स्थान पर रहते हुए कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। टीम के सदस्य दिव्यांशु नेताम (भिलाई), दीपपांशी नेताम (भिलाई), माया साहू (दुर्ग ) तथा लावण्या साहू (रायपुर) रहे. छत्तीसगढ़ सीनियर फेंसिंग टीम के कोच प्रवीण कुमार और मोहनीश वर्मा थे। इस उपलब्धि पर सभी खिलाड़ियों को प्रदेश फेंसिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष एस.प्रकाश (आईएएस), सचिव बशीर अहमद खान, संयुक्त सचिव अखिलेश दुबे, निखिल जाम्बुलकर, कोषाध्यक्ष राम प्रताप गुप्ता एवं प्रशिक्षक वि.जॉनसन सोलोमन, प्रवीण कुमार और मोहनीश वर्मा ने शुभकामनाएं दी है।

### एथलेटिक्स में कंचन को गोल्ड



**रायपुर।** महासमुंद जिले के स्वामी आत्मानंद आदर्श अंग्रेज़ी माध्यम महाविद्यालय की छात्रा कंचन सेन ने सेक्टर स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता की 20 किलोमीटर पैदल चाल स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया है।यह प्रतियोगिता एम. वी.पी.जी. महाविद्यालय के तत्वाधान में 15 नवंबर को वन विभाग मैदान में आयोजित की गई थी, जिसमें परिक्षेत्र के 10 से अधिक महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कंचन के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका राज्य स्तरीय स्पर्धा के लिए चयन किया गया है. जो 5 से 7 दिसंबर को बिलासपुर में आयोजित होगी।कंचन की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. डॉ. अनुसुइया अग्रवाल ने बधाई देते हुए इसे कॉलेज एवं जिले के लिए गौरव का विषय बताया। यह जानकारी क्रीड़ा अधिकारी तृपेश साहू द्वारा दिया गया।

आप अपनी चिंता में डूबे है और दुनिया को खबर नहीं, जानिए इसके लक्षण

# कहीं आप भी तो नहीं हैं हाई फंक्शन एंग्जाइटी के शिकार, अच्छी नहीं ऐसी दिमागी हालत

उच्च कार्यशील चिंता यानि हाई फंक्शन एंग्जाइटी एक ऐसी मानसिक स्थिति है, जिसमें व्यक्ति मानसिक दबाव, चिंता और तनाव का सामना करता है, लेकिन बाहरी दुनिया को इसकी पहचान नहीं हो पाती है। क्योंकि वह अपनी जिम्मेदारियों को अच्छी तरह से निभाता है, कामकाजी जीवन में समान्य रहता है, जिससे लोगों को इसकी जानकारी नहीं मिल पाती है।



व्यक्ति को छोटी-छोटी बातों को लेकर भी अत्यधिक चिंता होती है, जैसे कि कार्यों को पूरा करना, या किसी घटना के बारे में बार-बार सोचने का मन करना।

### क्या होता है हाई फंक्शन एंग्जाइटी

हाई फंक्शन एंग्जाइटी की समस्या झेलने वाला शख्स सामाजिक रूप से एक्टिव रहता है, लेकिन भीतर से वह मानसिक और भावनात्मक रूप से तनावपूर्ण स्थिति का सामना कर रहा होता है। यह एक प्रकार की अनकहा या छुपा हुआ तनाव हो सकता है, क्योंकि बाहरी रूप से व्यक्ति अपने कार्यों और व्यवहार में सफलता का प्रदर्शन करता है, जबकि भीतर से वह चिंतित होता है।

### हाई फंक्शन एंग्जाइटी के होते हैं कई लक्षण

हाई फंक्शन एंग्जाइटी के कई लक्षण होते हैं जिससे पता चल सकता है कि कोई व्यक्ति इसका शिकार है या नहीं? इन लक्षणों में

### फोकस करने में आती है परेशानी



हर काम को पूर्णतया सही करने की कोशिश करना और यह डर होना कि कुछ गलत हो सकता है। इस वजह से व्यक्ति अधिक तनाव महसूस करता है। इस समस्या में आपको हर चीज में फोकस करने में परेशानी होगी। ऐसे में किसी भी चीज पर ध्यान लगा पाना काफी मुश्किल हो सकता है।

### खुद का कॉन्फिडेंस खो देना

भले ही व्यक्ति बाहर से सफल दिखाई दे, लेकिन भीतर उसे अपनी क्षमताओं और निर्णयों पर संदेह होता है। वह खुद को हमेशा असंतुष्ट महसूस करता है। ऐसे में व्यक्ति अपना कॉन्फिडेंस खोने लगता है। उसे खुद पर शक होने लगता है साथ ही फैसले लेने में भी परेशानी होती है।

### होती है नींद की समस्याएं

रात को सोते समय दिमाग में लगातार विचार चलते रहते हैं, जिससे नींद में खलल पड़ता है। कभी-कभी नींद की कमी या अत्यधिक थकावट भी हो सकती है। हालांकि व्यक्ति अपने कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा करता है, लेकिन उसे लगता है कि समय की कमी हो रही है, और वह हमेशा घबराया हुआ रहता है कि किसी चीज़ को मिस न कर दे।



### हाई फंक्शन एंग्जाइटी का इलाज

हाई फंक्शन एंग्जाइटी का इलाज समय पर पहचानने और उचित तरीके से समाधान ढूंढने से किया जा सकता है। इसमें कॉग्निटिव बिहेवियरल थेरेपी (सीबीटी), मेडिटेशन, आत्म-देखभाल (सेल्फ केयर) और कभी-कभी दवाइयां शामिल हो सकती हैं। यह जरूरी है कि व्यक्ति अपने मानसिक स्वास्थ्य का ख्याल रखे और जब जरूरत हो तो किसी मानसिक स्वास्थ्य पेशेवर से मदद लें।



## रणजी ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ को पहली पारी की बढ़त

**रायपुर।** बी.सी.सी.आई. द्वारा आयोजित रणजी ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ की टीम का पांचवा मैच अटल बिहारी वाजपेजी स्टेडियम, अमतर में हिमाचल प्रदेश टीम के विरुद्ध खेला गया।छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 158 ओवरों में 6 विकेट खोकर 585 रन बनाकर घोषित कर दी। हिमाचल ने अपनी पहली पारी में 141 ओवरों में 10 विकेट खोकर 425 रन बनाये। हिमाचल की ओर से ए आर कलसी ने 204 रनों की शानदार पारी खेली तथा एन गंगता ने 77 रन बनाये।

वहीं छत्तीसगढ़ की ओर से रवि किरण ने 6 विकेट प्राप्त किये। आदित्य सरवटे ने 2 विकेट प्राप्त किये। मैच की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ ने अपनी दूसरी पारी में बिना नुकसान के 5 ओवर में 15 रन बनाये। मैच ड्रा पर समाप्त हुआ। छत्तीसगढ़ ने पहली पारी की बढत प्राप्त की। छत्तीसगढ़ के रवि किरण प्लेयर ऑफ द मैच चुने गये।

### सीएससीएस अंडर-14 क्रिकेट में रोमांचक दौर



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ सीएससीएस द्वारा आयोजित अंडर-14 एलिट ग्रुप दो दिवसीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले दिन रोमांचक मुकाबले हुए। राजनांदगांव में टीम बिलासपुर के विरुद्ध भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन की टीम बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी 167 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में बिलासपुर ने पहली पारी 5 विकेट पर 114 रन बनाए।

बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में टीम रायगढ़ के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए रायपुर टीम पहली पारी में 75 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में रायगढ़ टीम पहली पारी में पांच रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में रायपुर टीम दूसरी पारी में 65 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में रायगढ़ ने दूसरी पारी में चार विकेट पर 17 रन बनाए। धमतरी में टीम रायपुर ब्लू के विरुद्ध बल्लेबाजी में राजनंदगांव टीम पहली पारी में 62 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में रायपुर ब्लू ने पहली पारी चार विकेट पर 163 रन बनाए। न्यू ग्राउंड कांकेर में टीम प्लेट कंबाइंड के विरुद्ध जशपुर टीम पहली पारी में 17 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में प्लेट कंबाइंड ने 8 विकेट पर 293 रन के साथ पारी घोषित कर दी। बल्लेबाजी में जशपुर ने दूसरी पारी में बिना कोई रन बनाए एक विकेट लिए।

### अंडर-19 में प्लेयर ऑफ द मैच रहे यश



**भिलाई।** गोविंद चौहान क्रिकेट एकेडमी एवं एनसीए के संयुक्त तत्वाधान में अंडर-19 एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता कल्याण कॉलेज मैदान सेक्टर-7 में जारी है। दूसरे दिन बुधवार को महासमुंद के विरुद्ध क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी ने दो विकेट से जीत दर्ज की। बल्लेबाजी में महासमुंद टीम 226 रन पर आउट हुई। जिसमें आयुष द्विवेदी ने शानदार 124 रन बनाएं। राहुल चंद्राकर ने 30 रन और उज्जवल अग्रवाल ने 22 रन बनाए। गेंदबाजी में क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी के यश यदु ने 3 विकेट, सम्यक वर्मा ने 2, चंद्र भूषण एवं आशीष शर्मा ने 1-1 विकेट लिए। तीन खिलाड़ी रन आउट हुए। बल्लेबाजी में क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी ने 8 विकेट पर 230 रन बनाए। कप्तान चंद्र भूषण ने 64 रन, आशीष शर्मा ने 41 रन और यश यदु ने नॉट आउट 34 रन बनाए। गेंदबाजी में महासमुंद के मेहुल देवांगन ने 2 विकेट, मनोज पटेल, यशस्वी साहू, आयुष द्विवेदी, समरेश जोशी एवं अनमोल द्विवेदी ने 1-1 विकेट लिए। प्लेयर ऑफ़ द मैच यश यदु, मैच के अंपायर पियूष साहू एवं नुगेश्वर डहरिया, स्कोर विनोद देवघरे एवं सौरभ शोम थे।

## अंतर महाविद्यालयीन बैडमिन्टन में प्रगति कॉलेज का दोनों ही वर्गों में विजय अभियान जारी

**रायपुर।** उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में प्रगति कॉलेज द्वारा आयोजित अंर्तमहाविद्यालयीन सेक्टर स्तरीय बैडमिन्टन स्पर्धा का आयोजन पुलिस लाईन स्थित बैंडमिन्टन हॉल पेंशन बाडा रायपुर में किया गया। उद्घाटन के इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सौम्या नैयर ने मानव जीवन में खेल के महत्व को प्रतिपादित करते हुए कहा कि स्पर्धा मानव जीवन का एक आवश्यक अंग है बिना स्पर्धा के मानव जीवन नीरस है अतः स्पर्धा का होना अति आवश्यक है, किसी भी स्पर्धा में पूरे मन व जोश से उतरना चाहिए चाहे परिणाम कुछ भी रहे। खेल में भाग लेना ज्यादा महत्वपूर्ण है, खेल में जीतने या हारने से। प्राचार्य डॉ. सौम्या नैयर ने सभी खिलाड़ियों को अनुशासन व खेल को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। खेल से विद्यार्थी का सर्वागींण विकास होता है। खेल जहाँ एक ओर अनुशासन सीखाता है वही दूसरी ओर नेतृत्व के गुणो का विकास करता है।




बुधवार को खेले गये मैचों में महिला वर्ग में पहला मैच पैलोटी और विप्र कॉलेज के मध्य हुआ जिसमें विप्र कॉलेज 2-0 से विजय रही। दूसरा मैच गुरूकुल कॉलेज और यूटीडी रायपुर के मध्य हुआ जिसमें यूटीडी रायपुर 2-0 से विजय रही। तीसरा मैच प्रगति कॉलेज एवं डागा कॉलेज के मध्य हुआ जिसमें प्रगति कॉलेज 2-0 से विजय रही। इस ग्रुप में अगला मैच प्रगति कॉलेज और शासकीय पी.जी.कॉलेज आंरग के मध्य हुआ जिसमें प्रगति कॉलेज 2-0 से विजय रही। महिला वर्ग में पहला सेमीफाइनल मैच शासकीय दुब महिला महाविद्यालय और विप्र कॉलेज के मध्य हुआ जिसमें शासकीय दुब महिला महाविद्यालय 2-1 से विजय रही। महिला वर्ग का दूसरा सेमीफाइनल मैच प्रगति कॉलेज और यूटीडी रायपुर के मध्य हुआ जिसमें प्रगति कॉलेज 2-0 से विजय होकर फाईनल में प्रवेश किया।

पुरूष वर्ग में पहला मैच यूटीडी रायपुर और दुर्गा कॉलेज के मध्य हुआ। जिसमें यूटीडी रायपुर 3-0 से विजय रही। दूसरा मैच शासकीय सांईस कॉलेज रायपुर और विवेकानंद कॉलेज के बीच हुआ। जिसमें विवेकानंद कॉलेज 3-0 से विजय रहा। पुरूष वर्ग का अगला मैच सेंट विसेंट पैलोटी कॉलेज और शासकीय राजीव लोचन कॉलेज के बीच हुआ। जिसमें पैलोटी कॉलेज 3-0 से ने जीत दर्ज की। पुरूष वर्ग का अगला मैच प्रगति कॉलेज और महाराजा अग्रसेन कॉलेज समता कालोनी के मध्य हुआ जिसमें प्रगति कॉलेज ने 3-0 से विजय दर्ज की। इस अवसर पर प्रकाश चन्द्रवंशी, रूपेन्द्र चैहान, रामानंद यदु, डॉ. प्रमोद मेने, विजय शर्मा, डॉ. कर्मिष्ठ संभरकर, डॉ. देवाशीष हाजरा, रीना ध्रुव, रिंकु तिवारी और जानकी साहू आदि उपस्थित थे।

## रात की बची हुई दाल से बनाएं लजीज नाश्ता



आप बची हुई दाल से ऐसी रेसिपी बना सकती हैं, जो हेल्दी और टेस्टी तो होगी ही, साथ ही किसी को पता भी नहीं चलेगा कि ये रात के बचे खाने से तैयार की गई है। बच्चे से लेकर बड़े तक सभी बहुत स्वाद लेकर इसे खाएंगे। इस लेख में जानिए रात की बची दाल से क्या और कैसे बना सकते हैं।

### दाल पैनकेक

बची हुई दाल में बेसन मिला लें। ध्यान रखें कि बैटर बहुत गाढ़ा या बहुत पतला न हो। इसमें कटी हुई सब्जियां, हरी मिर्च, हरा धनिया और मसाले मिलाएं। एक नान स्टिक पैन को मध्यम आंच पर गर्म करें। सतह पर थोड़ा तेल या घी डालें। जब पैन गर्म हो तो एक चम्मच बैटर पैन में डालें और धीरे से फैलाएं। पैनकेक को हल्के आंच पर सुनहरा भूरा और कुरकुरा होने तक पकाएं। निचला भाग पक जाए तो स्पैटुला का उपयोग करके पलटें और दूसरी ओर से सुनहरा होने तक पकाएं।

### दाल टिक्की

बची हुई दाल में उबले आलू मैश करें। इसमें एक चम्मच बेसन, कटा हुआ प्याज और लहसुन-अदरक का पेस्ट मिलाएं। जीरा पाउडर, नमक, लाल मिर्च पाउडर, हल्दी पाउडर मिलाकर अच्छे से बैटर तैयार कर लें इस मिश्रण की गोल टिक्की बना लें और हाथों से दबाकर ठंडा कर लें पैन में तेल लगाकर टिक्की को सेंके।

कार्नर न्यूज

रात का खाना थोड़ी सावधानी के साथ लेना जरूरी

# रात का भोजन होता है दिन से अलग जानिए इसका सही तरीका और समय

भागदौड़ भरी जिंदगी ने हमारे जीवन में कई बदलाव ला दिए हैं। आजकल की व्यस्त दिनचर्या और अनियमित लाइफस्टाइल के कारण अक्सर हम अपनी सेहत को नजरअंदाज कर देते हैं। सही समय पर और हेल्दी डाइट का ध्यान रखना बेहद महत्वपूर्ण है, लेकिन हम कई बार इसे अनदेखा कर आगे बढ़ जाते हैं। इसका सीधा असर हमारे शरीर पर पड़ता है। स्वस्थ और फिट रहने के लिए पौष्टिक और संतुलित आहार बेहद जरूरी है। विशेषकर रात का भोजन सही समय पर और सही मात्रा में लेना अत्यधिक महत्वपूर्ण है। एक्सपट्र्स और कई शोध बताते हैं कि फिटनेस बनाए रखने के लिए डिनर पर ध्यान देना चाहिए। कुछ खास आइटम्स हैं जिन्हें रात के भोजन में शामिल न करना ही बेहतर होता है।



### रात का भोजन और समय

ऑफिस में देर तक काम करने, टीवी देखने या मोबाइल में व्यस्त रहने के कारण हम अक्सर रात का खाना सही समय पर नहीं खा पाते। थकावट के बाद सही समय पर डिनर करना बहुत जरूरी है। अगर आप देर से खाना खाते हैं, तो इससे भोजन पचने में कठिनाई होती है और आपकी नींद भी प्रभावित हो सकती है।

### सही भोजन का चुनाव

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, सुबह का नाश्ता भारी होना चाहिए और रात का खाना हल्का होना चाहिए। इससे मेटाबॉलिज्म और पाचन क्रिया सही रहती है। हैवी भोजन रात के समय पाचन संबंधी समस्याएं उत्पन्न कर सकता है। डिनर और सोने के समय के बीच कम से कम तीन घंटे का अंतर होना चाहिए।

रात के भोजन में रोटी, दाल, मिक्स वेजिटेबल, सलाद और पत्तेदार हरी सब्जियों को शामिल करना चाहिए। पत्तेदार हरी सब्जियों में भरपूर फाइबर होता है, जो सेहत और डाइजेस्टिव सिस्टम को बेहतर बनाता है। डिनर में दाल से बनी खिचड़ी, दाल का सूप, वेजिटेबल सलाद, ओट्स और दलिया अच्छे विकल्प हैं क्योंकि ये सुपाच्य होते हैं यानी आसानी से पच जाते हैं। कुल मिलाकर, ऐसा खाना चुनें जो आसानी से पचे।

### चाय और कॉफी का सेवन

एक महत्वपूर्ण बिंदु यह है कि देर तक काम करते समय चाय या कॉफी का सेवन करना आम बात है, लेकिन डिनर के बाद इन्हें पीने से नींद आने में दिक्कत होती है। चाय और कॉफी में कैफीन होता है, जो नींद को प्रभावित कर सकता है। इसके बजाय, डिनर के कुछ समय बाद गुनगुना दूध पीना फायदेमंद हो सकता है। गुनगुना दूध हड्डियों को मजबूत करता है और नींद को बेहतर बनाता है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## रैपर निकी ने संयुक्त राष्ट्र में उठाया गंभीर मुद्दा, राष्ट्रपति ट्रंप को कहा शुक्रिया



रैपर निकी मिनाज संयुक्त राष्ट्र कार्यक्रम में नाइजीरिया के ईसाइयों से जुड़ा एक गंभीर मुद्दा उठाया है। साथ ही इस मुद्दे पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भी सराहा है। दरअसल, पिछले दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि नाइजीरिया में ईसाइयों को सताया जा रहा है। इस बात को निकी मिनाज ने भी संयुक्त राष्ट्र के एक कार्यक्रम में कहा है। त्रिनिदाद में जन्मी निकी मिनाज ने ट्रंप को शुक्रिया भी कहा क्योंकि इतने जरूरी मुद्दे पर उन्होंने बात की। इस महीने शुरुआत में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नाइजीरिया में ईसाइयों को सताए जाने का मुद्दा उठाया। सोशल मीडिया पर भी उन्होंने यह बात कही, जिस पर निकी मिनाज ने भी रिएक्शन दिया था। इस मुद्दे के चर्चा में आने के बाद संयुक्त राष्ट्र में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें निकी ने अमेरिकी मिशन के एक पैनल में अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज और रिलीजियस लीडर के साथ बात की। वह कहती हैं, 'दुख की बात है कि यह समस्या न केवल नाइजीरिया में बल्कि दुनिया भर के कई अन्य देशों में भी बढ़ती जा रही है।' मिनाज ने कहा कि वह यह बात साफ करना चाहती थीं कि नाइजीरिया में ईसाइयों की रक्षा का मतलब किसी का पक्ष लेना या लोगों को बांटना नहीं है। वह कहती हैं, 'यह लोगों को एकजुट करने के बारे में है।' उन्होंने नाइजीरिया को गहरी आस्था और परंपराओं वाला एक खूबसूरत देश बताया, जिसे देखने के लिए वह बेताब हैं। निकी मिनाज ने आगे कहा, 'धार्मिक स्वतंत्रता का मतलब है कि हम सभी अपने धर्म का पालन कर सके, चाहे हम कोई भी हों, हम कहीं भी रहते हों और हमारी आस्था कुछ भी हो।'

### टॉलीवुड

## अभिनेत्री तुलसी ने फिल्मों को कहा अलविदा इंस्टाग्राम पोस्ट में सभी को बोला- 'थैंक्यू'



साउथ की दिग्गज अभिनेत्री तुलसी ने फिल्मों से अपने संन्यास की घोषणा कर दी है। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर कई पोस्ट के जरिए अपने लगभग छह दशक लंबे करियर पर विराम लगाने की जानकारी दी है। तुलसी ने अपने करियर की शुरुआत बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट की थी। अब उनके फिल्मों से रिटायरमेंट के एलान ने उनके प्रशंसकों को निराश कर दिया है। हालिया वर्षों में अपनी मां की भूमिकाओं के लिए मशहूर तुलसी ने सबसे पहले साईं बाबा के चरणों की एक तस्वीर वाली एक आध्यात्मिक पोस्ट के साथ अपने फैसले की ओर इशारा दिया। साथ में कैप्शन में लिखा था, 'मेरी और मेरे बेटे साईं की रक्षा और मार्गदर्शन करो। हे देवा हे साईंनाथ।' इसके तुरंत बाद एक अन्य पोस्ट में लिखा, 'अपने अंतर्ज्ञान पर भरोसा करें। आपको किसी को अपनी भावनाओं को समझाने या उचित ठहराने की आवश्यकता नहीं है, बस अपने आंतरिक मार्गदर्शन पर भरोसा करें; यह सबसे अच्छा जानता है।'तुलसी ने आखिरकार एक और पोस्ट में अपने रिटायरमेंट का साफतौर पर एलान किया। उन्होंने लिखा, 'इस 31 दिसंबर को शिरडी दर्शन के क्रम में मैं अपने लिए रिटायरमेंट की कामना करती हूं और साईंनाथ के साथ शांतिपूर्वक अपनी यात्रा जारी रखूंगी। मैं जीवन को साईराम सीखने में मेरी मदद करने के लिए सभी का धन्यवाद करती हूं।' तुलसी ने 1967 की तेलुगु फिल्म 'भार्या' से चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। बाल कलाकार के रूप में उनका आधिकारिक करियर 1973 में के. बालाचंदर की फिल्म 'अरंगेत्रम' से शुरू हुआ। इसके बाद उन्होंने कई हिट फिल्मों 'सीतामलक्ष्मी' (1978), 'शंकरभरणम' (1979) और 'मुद्दा मंदरम' (1981) शामिल हैं। अपने बाद के करियर में तुलसी सहायक भूमिकाओं में एक प्रमुख भूमिका निभाने लगीं और उन्होंने कमल हासन, रजनीकांत, मोहनलाल, चिरंजीवी और विजय सेतुपति जैसे दिग्गजों के साथ काम किया।

### भोजपुरी

## 'यूपी वाली बिहार वाली' फिल्म के सेट पर रानी के साथ हुआ प्रैंक, अचानक चीख उठीं एक्ट्रेस



अभिनेत्री रानी चटर्जी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'यूपी वाली बिहार वाली' की शूटिंग में बिजी हैं। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें रानी की को-स्टार उनके साथ प्रैंक करती दिख रही है।

भोजपुरी अदाकारा रानी चटर्जी का पर्दे पर रौबदार अंदाज नजर आता है। वे पुलिस वाले की भूमिका अदा करें या बहू के रोल में नजर आएं, दमदार आवाज से दिल जीत लेती हैं। मगर, असल जिंदगी में वे ऐसी हैं कि एक खरगोश देखकर भी डर से चीख उठीं। उनका एक वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल है। चर्चित भोजपुरी अभिनेत्री संजना पांडे ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है। दोनों एक्ट्रेस फिल्म के सेट पर हैं। संजना अपनी साड़ी के पल्लू में एक खरगोश के बच्चे को छिपाकर रानी के पास जाती हैं। रानी के सामने अचानक खरगोश के बच्चे को दिखाते हैं। देखकर रानी अचानक चिल्लाने लगती हैं और छिपने की कोशिश करती हैं। वीडियो के साथ संजना ने कैप्शन लिखा है, 'कभी कभी सेट पर मैं प्रैंक कर देती हूं। 'यूपी वाली बिहार वाली' के सेट पर मैंने खूबसूरत रानी चटर्जी को डरा दिया'। संजना के पोस्ट पर रानी ने कमेंट किया है, 'बदमाश लड़की'। इसके अलावा एक अन्य वीडियो खुद रानी चटर्जी ने शेयर किया है। इसमें वे पेड़ से आंवले तोड़कर खाती नजर आ रही हैं। रानी चटर्जी की फिल्म की शूटिंग किसी गांव में हो रही है।




लैक्मे फैशन वीक आधिकारिक तौर पर भले ही समाप्त हो गया है लेकिन इस सीज़न के टॉप ट्रेंड्स चर्चा में है।दरअसल, इस सीज़न में बालों की स्टाइल ने दर्शकों का अपनी ओर ज्यादा ध्यान खींचा। दर्शकों ने इसका भरपूर आनंद भी लिया। कुछ बेहद शानदार हेयरस्टाइल के साथ ढेर सारी हेयर एक्सेसरीज़ भी थीं। इनमें बालों को फूलों, रिबन, हेडगियर, कैप, स्कार्फ और यहाँ तक कि ब्रोच जैसे आभूषणों से सजाया गया था।

## बालों को लंबा और घना बनाने में मददगार है आंवला



बालों को घना और मजबूत बनाने के लिए आंवला का इस्तेमाल कई तरीकों से किया जा सकता है। इसमें विटामिन सी, आयरन, और एंटीऑक्सिडेंट्स होते हैं जो बालों को पोषण देते हैं, जिससे बाल घने, मजबूत और चमकदार बनते हैं। दरअसल, आंवला विटामिन सी, एंटीऑक्सिडेंट्स और कई पोषक तत्वों से भरपूर होता है, जिस वजह से ये बालों के लिए काफी लाभदायक होता है। ऐसे में यदि इसका सही तरह से इस्तेमाल किया जाए तो इससे बाल आंतरिक रूप से मजबूत बन सकते हैं।

### आंवला तेल से बालों की मालिश

आप चाहें तो आंवला तेल बनाकर आप इससे बालों की मलिश कर सकते हैं। तेल बनाने के लिए सबसे पहले सूखे आंवले के टुकड़े लें और इन्हें नारियल या सरसों के तेल में उबालें। जब तेल का रंग गहरा हो जाए, तो इसे ठंडा करके छान लें। अब इस तेल को ठंडा करके आप हफ्ते में दो बार इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। आंवले का तेल बालों को जड़ से मजबूत पहुंचाता है। इससे बालों की ग्रोथ भी बढ़ती है।

आंवला पाउडर और दही का हेयर मास्क

इस हेयर मास्क को बनाने के लिए सबसे पहले एक बाउल में 2-3 चम्मच आंवला पाउडर लें और उसमें पर्याप्त मात्रा में दही मिलाकर पेस्ट बना लें। अब इस मिश्रण को बालों की जड़ों और सिरों पर लगाएं। मास्क को 30-40 मिनट तक लगा रहने दें और फिर गुनगुने पानी से धो लें। आंवला और दही का मास्क बालों को पोषण देता है, ड्रायनेस कम करता है और बालों को घना बनाता है। ये मास्क सर्दियों में बालों को मजबूत बनाता है।

### आंवला और मेथी का हेयर पैक

इस हेयर पैक को तैयार करने के लिए आपको दो चीजों की जरूरत पड़ेगी। इसे बनाने के लिए सबसे पहले 2 चम्मच आंवला पाउडर और 1 चम्मच मेथी पाउडर को पानी में भिगोकर रातभर छोड़ दें। सुबह उठकर इसका पेस्ट बनाएं। इस पेस्ट को बालों में जड़ों से सिरे तक लगाएं और 30 मिनट बाद माइल्ड शैम्पू से धो लें। आंवला और मेथी दोनों बालों की ग्रोथ बढ़ाते हैं, बालों को घना बनाते हैं और बालों की मजबूती में सुधार करते हैं।

## सर्दियों में साड़ी पहनते समय अपनाएं ट्रिक्स, नहीं लगेगी ठंड





सर्दियां शुरू हो गयी है। सर्दियां लगभग सबको पसंद होती है। इस मौसम में शादी पार्टी का मज़ा ही कुछ और होता है लेकिन ज्यादा ठंड महिलाओं के लिए मुसीबत बन जाती हैं क्योंकि सर्दी के मौसम में महिलाएं शादी के मौके पर खुद को स्टाइल नहीं कर पातीं। दरअसल, महिलाएं महंगे और स्टाइलिश एथनिक या पार्टी वियर कपड़े पहनती हैं लेकिन ठंड बढ़ने के कारण उन्हें स्वेटर या कोट आदि को ऊपर से कैरी करना पड़ता है। ऐसे में उनकी खूबसूरत ड्रेस स्वेटर के नीचे छिप जाती है। इसके अलावा अगर वह विंटर वियर नहीं पहनती तो ठंड और ठिठुरन से परेशान रहती हैं। ऐसे में सारा फैशन बेकार हो जाता है। इसलिए सर्दियों में किसी कार्यक्रम पर साड़ी पहनने वाली महिलाओं को फैशन के मामले में सबसे अधिक परेशानी होती है। आपको सर्दियों में शादी सीजन के लिए कुछ ऐसे टिप्स के जरूर जानना चाहिए, जिसे आजमा कर आप साड़ी को स्टाइलिश तरीके से कैरी कर सकती हैं और आपको ठंड से भी बच सकती हैं।

### साड़ी के फैब्रिक का चयन

सर्दी के मौसम में साड़ी पहन रही हैं तो ऐसा फैब्रिक चुने तो मोटा हो। जैसे आप वेलवेट के कपड़े की साड़ी पहन सकती हैं। इस तरह की साड़ियां ठंड से बचाने में आपकी मदद करती हैं और लुक भी अच्छा दिखता है।

### फुल स्लीव्स ब्लाउज पहनें

ठंड से बचने के लिए आप ब्लाउज स्टाइल का चयन करते समय ध्यान रखें कि ब्लाउज फुल स्लीव्स के हों। फुल स्लीव्स ब्लाउज फैशन के मुताबिक भी ट्रेंड में हैं। कई मौकों पर अभिनेत्रियों को पूरे बाजू वाले ब्लाउज में देखा जा चुका है।

### लांग ब्लाउज कैरी करें

साड़ी के साथ लॉन्ग ब्लाउज भी पहन सकती हैं। लॉन्ग ब्लाउज का फैशन हमेशा रहता है। इस तरह के ब्लाउज के नीचे आप इनर या बॉडी वार्मर पहन सकती हैं।

### इंडो वेस्टर्न साड़ी पहने

सर्दी के मौसम में आप इंडो वेस्टर्न साड़ी कैरी कर सकती हैं। ये एथनिक लुक को मॉडर्न टच देने के साथ ही ठंड से भी बचाएंगी।

## ऑयली स्किन के लिए रामबाण है बेसन और नीम, ऐसे करें



अगर आपकी स्किन ऑयली है और आप उसकी नेचुरल तरीके से केयर करना चाहती हैं तो ऐसे में आप बेसन और नीम का इस्तेमाल कर सकती हैं। ये दोनों इंग्रीडिएंट ऑयली स्किन के लिए रामबाण की तरह काम करते हैं।

### नीम और बेसन से बनाएं स्क्रब

अपनी स्किन को नेचुरल तरीके से एक्सफोलिएट करने के लिए आप नीम और बेसन की मदद से स्क्रब बनाकर इस्तेमाल करें।

### स्क्रब बनाने का तरीका-

सबसे पहले, नीम पाउडर, हल्दी और बेसन को मिक्स करें।अब इसमें थोड़ा-थोड़ा करके गुलाब जल मिलाएं और फिर पेस्ट बना लें। तैयार मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाकर सर्कुलर मोशन में रगड़ें।अंत में, गुनगुने पानी से धो लें और फिर स्किन को मॉइश्चराइज करें।

### बेसन और नीम से बनाएं फेस मास्क

यह फेस मास्क अतिरिक्त ऑयल को कंट्रोल करने में काफी मदद करता है। साथ ही साथ, इससे आपके चेहरे पर ग्लो भी आता है।

### फेस मास्क बनाने का तरीका-

बेसन, नीम पाउडर और शहद को मिलाकर पेस्ट बना लें।तैयार पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाएं और फिर 15 मिनट के लिए छोड़ दें।अंत में, फिर गुनगुने पानी से धोकर स्किन को मॉइश्चराइज करें।

### नीम और बेसन से बनाएं नाइट क्लींजर

रात को सोने से पहले स्किन को साफ करना बेहद जरूरी है। ऐसे में आप नीम और बेसन की मदद से नाइट क्लींजर बनाएं।

## दांतों का पीलापन दूर कीजिए घरेलू नुस्खे से, होगा फायदा



पीले दांत न केवल आपकी खूबसूरती को प्रभावित करते हैं बल्कि आपकी आत्मविश्वास में भी कमी ला सकते हैं। दांतों को सफेद और चमकदार बनाने के लिए आप बहुत से घरेलू नुस्खे अपना सकते हैं।

### बेकिंग सोडा और नींबू

इसके इस्तेमाल के लिए 1/2 चम्मच बेकिंग सोडा में कुछ बूंदें नींबू का रस मिलाएं। अब इसे टूथब्रश पर लगाकर दांतों पर हल्के हाथों से रगड़ें। दो मिनट के बाद कुल्ला कर लें। आप इसका इस्तेमाल हर रोज कर सकते हैं।

### नारियल तेल

ऑयल पुलिंग की मदद से भी आप अपने दांत साफ कर सकते हैं। इसके लिए 1-2 चम्मच नारियल तेल को मुंह में रख लें। इसके बाद 10-15 मिनट तक इसे मुंह में घुमाएं। इसके बाद कुल्ला करें और फिर ब्रश करें। इससे आपका मुंह भी साफ होगा।

### हल्दी और नारियल तेल का मिश्रण

इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले 1 चुटकी हल्दी में 1 चम्मच नारियल तेल मिलाएं। अब इस पेस्ट को ब्रश की मदद से दांतों पर लगाएं। दो मिनट के बाद कुल्ला कर लें। इससे भी दांतों का पीलापन कम होता है और ये मुंह के बैक्टीरिया को भी खत्म करता है।

### सेब का सिरका

इसका इस्तेमाल करना भी काफी सरल है। इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले 1 चम्मच सेब के सिरके को पानी में मिलाएं। इससे दिन में एक बार कुल्ला करें। ये दांतों के दाग-धब्बे भी दूर करता है।

कार्नर न्यूज

मेंस फैशन में पारंपरिक और मॉडर्न लुक दोनों ही ठीक

## दिखना है स्मार्ट और स्टालिश तो खुद को ऐसे करें तैयार, नजरें टिकी रहेंगी आप पर

किसी भी त्यौहार या शादियों के मौके पर खुद को परफेक्ट लुक देने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखा जाना बेहद जरूरी होता है। इन मौकों पर मेंस फैशन में पारंपरिक और मॉडर्न दोनों तरह के कपड़े अच्छे होते हैं। इन मौकों पर कुर्ता-पायजामा को सबसे अधिक पहना जाता है। यह एक पारंपरिक और आरामदायक विकल्प है। रंग-बिरंगे कुर्ते और कढ़ाई वाले पायजामे अच्छे लगते हैं।

### स्मार्ट और अट्रैक्टिव दिखने के लिए क्या करें

महिलाओं की तरह पुरुष भी अक्सर त्योहारों के दौरान स्टाइलिश तरीके से अलग दिखने के तरीके खोजते हैं। ज्यादातर त्योहारों के दौरान महिलाओं के पहनावे पर ज़्यादा ज़ोर दिया जाता है। ऐसे में पुरुषों के फैशन को अनदेखा कर दिया जाता है। हालांकि, इस अवसर पर पुरुषों द्वारा कुछ खास स्टाइल अपनाने से उनका रूप-रंग बदल सकता है, जिससे वे स्मार्ट और अट्रैक्टिव दोनों दिख सकते हैं।



### नेहरू जैकेट है बेहतर आप्शन

नेहरू जैकेट के साथ कुर्ता पहनने से एक पॉलिश और अट्रैक्टिव लुक मिलता है। नेहरू जैकेट भारतीय पोशाक का एक अहम हिस्सा है। कुर्ते में हल्के रंगों का चयन करना और उन्हें नीले, हरे या भूरे जैसे रंगों में गहरे नेहरू जैकेट के साथ पूरक करना एक ऐसा लुक तैयार कर सकता है जो क्लासी और ऑन-ट्रेंड दोनों होता है।

### कढ़ाई की खूबसूरती को अपनाएं

जिन लोगों को डिज़ाइन पसंद है, उनके लिए कढ़ाई वाले कुर्ते एक बेहतरीन विकल्प हैं। इन कुर्तों पर किया गया विशेष काम परंपरा का मिश्रण लाता है, जो दीवाली समारोहों के लिए आदर्श है। कढ़ाई वाले कुर्ते का चयन करके पुरुष त्यौहार की थीम के अनुरूप रहते हुए अपना फैशनेबल रूप दिखा सकते हैं।

### शेरवानी और डिजाइनर जैकेट

अगर आप थोड़े अधिक फॉर्मल लुक में जाना चाहते हैं, तो शेरवानी पहन सकते हैं। यह खास अवसरों के लिए बहुत अच्छा होता है। इसके अलावा कुर्ते के ऊपर एक अच्छा सा डिजाइनर जैकेट भी पहन सकते हैं। यह लुक को और भी स्टाइलिश बना देता है।

### परंपरा और फैशन के बीच संतुलन बनाना जरूरी

त्यौहार और शादियां ऐसे मौके होते हैं जब हर व्यक्ति अपने सबसे अच्छे रूप में दिखना चाहता है। पुरुषों के लिए इसका मतलब है परंपरा और मौजूदा फैशन के बीच सही संतुलन बनाना ताकि एक ऐसा लुक तैयार किया जा सके जो स्टाइलिश और अनोखा दोनों हो।

